{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
रविवार 21 जून 2026
ज्येष्ठ शुक्ल 06 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 267
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### खान सर की गिरफ्तारी पर रोक

पटना। फैजल खान उर्फ खान सर को एक बार फिर बड़ी राहत मिल गई है। कोर्ट ने आज शनिवार 20 जून को सुनवाई के दौरान उन्हें गिरफ्तारी से मिली राहत बरकरार रखी है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद इंटिरिम प्रोटेक्शन अगली तारीख तक के लिए बढ़ा दी है। इससे पहले पुलिस ने अदालत में केस डायरी को सबमिट कर दिया है। अब अगली तारीख तक खान सर को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकती है। पटना सिविल कोर्ट से फैजल खान उर्फ खान सर को एक बार फिर से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई के दौरान उन्हें गिरफ्तारी से मिली राहत बरकरार रखी है। इसके साथ ही अदालत ने 'कोई कठोर कार्रवाई न करने' के लिए कहा है। पुलिस को निर्देश दिया गया है कि अगली सुनवाई तक कोई दंडात्मक कार्रवाई न करे।

### अब नॉर्दन कमांड में चीफ ऑफ स्टाफ की जिम्मेदारी संभालेंगे हितेश भल्ला

नई दिल्ली। भारतीय सेना की 14वीं कोर के मौजूदा कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला अब नॉर्दन कमांड में चीफ ऑफ स्टाफ की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनकी जगह 14वीं कोर के कमांडर की जिम्मेदारी मेजर जनरल मदनराज पांडे लेंगे, जो जल्द ही पद संभालेंगे। उनका प्रमोशन हो गया है और लेफ्टिनेंट जनरल के तौर पर वे कोर कमांडर बनेंगे। पिछले महीने ही भारत-चीन सीमा मामलों पर बातचीत और समन्वय के लिए बने वर्किंग मैकेनिज्म की बैठक हुई थी, जिसके बाद उम्मीद है कि जल्द ही ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी का मसला सुलझाने के लिए दोनों देशों की सेनाओं के बीच कोर कमांडर स्तर की बैठक हो सकती है। पिछले साल अक्टूबर में कोर कमांडर स्तर की बैठक हुई थी। लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला के कोर कमांडर रहते भारत-चीन के बीच गतिरोध में एक अहम मोड़ भी आया था।

### राजकोट में बुजुर्ग को बंधक बनाकर 2.47 करोड़ रुपये की लूट

राजकोट। गुजरात के राजकोट के शापर-वेरावल इलाके में करोड़ों रुपये की सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई है। 19 जून की रात करीब 1.30 बजे, 77 वर्षीय जितेंद्रसिंह अजीतसिंह जाडेजा को उनके घर में बंधक बनाया गया। चार से पाँच नकाबपोश बदमाशों ने 2 करोड़ 47 लाख रुपये कैश, लगभग 2 लाख रुपये का सोना, एक राइफल और मोबाइल फोन लूट लिया, जिससे कुल चोरी का अनुमान 2.49 करोड़ रुपये से अधिक है। पीड़ित जाडेजा ने पुलिस को बताया कि लुटेरे उनके घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे।

### कुछ ना कहना




## हनुमान मंदिर के हॉल की निर्माणाधीन छत भरभराकर गिरी

# मलबे में दबने से 7 लोगों की मौत

**परभणी। महाराष्ट्र के परभणी जिले में यशवाड़ी देवस्थान में हनुमान मंदिर के हॉल की निर्माणाधीन छत शनिवार दोपहर गिर गई। मलबे में दबने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल पहुंचा दिया गया है। यहां मंदिर के ठीक सामने सभामंडप बनाने का काम चल रहा था। दोपहर के समय लोग प्रसाद ले रहे थे। अचानक मंदिर का स्ट्रक्चर और पत्थर भरभराकर गिर पड़े।**

**हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो के मुताबिक दोपहर 3 बजे कई लोग लाइन में खड़े होकर प्रसाद दर्शन-पूजा कर रहे थे। तभी बांस और लोहे की रॉड से बना सेंट्रिंग स्ट्रक्चर टूट गया। शनिवार होने के कारण मंदिर में भीड़ ज्यादा थी। हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। यशवाड़ी गांव मनवत रोड पर स्थित है, जो छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 190 किलोमीटर दूर है। यहां त्रिमूर्ति मंदिर में हनुमान जी की काली प्रतिमा स्थापित है।**




### मरने वालों के परिवार को 5 लाख मुआवजे का ऐलान

परभणी हादसे पर प्रधानमंत्री कार्यालय के ऑफिशियल x हैंडल पर पोस्ट किया गया, जिसमें पीएम मोदी के हवाले से लखा गया- महाराष्ट्र के परभणी में हुई लोगों की मौत बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने इस हादसे में अपनों को खोया है। घायल लोग जल्द ठीक हों।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया और कहा कि घायलों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि मरने वालों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

मरने वालों में अब तक संतोष गडाडे (मंथा के रहने वाले), आकाश सुरदुसे (परभणी), मुनेश अग्रवाल (जिंतूर), सूरज पोपटकर (मनवत) और श्रीकृष्ण गवारे (वडवानी-बीड) की पहचान हो चुकी है।

### मंडप में मौजूद लोगों ने मलबा हटाया

परभणी के हनुमान मंदिर के ठीक सामने सभा मंडप का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी सभा मंडप की छत अचानक ढह गई। जिला कलेक्टर संजय चव्हाण, उपमंडल अधिकारी संगीता चव्हाण और तहसीलदार पांडुरंग माछेवाड़ ने बताया कि 32 लोगों में से 7 की मौत हो गई और 25 गंभीर रूप से घायल हो गए। आपदा प्रबंधन अधिकारी, पथरी अग्निशमन विभाग, मानवत लोक निर्माण विभाग, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा दल, परभणी नगर निगम और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बचाव अभियान पूरा किया गया।

## रजिस्टर्ड लॉगिन से बदला गया था परीक्षा केंद्र का नाम

**-नीट री-एग्जाम सेंटर आवंटन पर विवाद पर एनटीए ने दी सफाई**

**- शिकायत के बाद दोनों छात्रों के केंद्र पुनः बदले**



नई दिल्ली। नीट-यूजी 2026 री-एग्जाम से ठीक एक दिन पहले परीक्षा केंद्रों के आवंटन को लेकर विवाद सामने आया है। महाराष्ट्र के नागपुर के एक छात्र को भारत के बजाय संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी स्थित परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाने का मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इसके अलावा ओडिशा की एक छात्रा को उसके गृह नगर भुवनेश्वर के बजाय लगभग 2300 किलोमीटर दूर देहरादून में परीक्षा केंद्र दिए जाने की शिकायत भी सामने आई।

नागपुर के छात्र अब्दुल्लाह मोहम्मद तालिब ने बताया कि जब उन्होंने 19 जून को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया, तब उन्हें पता चला कि उनका परीक्षा केंद्र अबू धाबी के एक भारतीय विद्यालय में निर्धारित किया गया है। छात्र के अनुसार उसके पास पासपोर्ट तक नहीं है, ऐसे में विदेश जाकर परीक्षा देना संभव नहीं था। एडमिट कार्ड का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आया।

विवाद बढ़ने पर एनटीए ने स्पष्टीकरण जारी किया। एजेंसी का कहना है कि परीक्षा शहर में बदलाव उम्मीदवार के पंजीकृत लॉगिन से किया गया था। हालांकि छात्र की शिकायत और अनुरोध के बाद उसका परीक्षा केंद्र पुन: नागपुर में निर्धारित कर दिया गया।

इसी तरह भुवनेश्वर की एक छात्रा को भी उसके शहर के बजाय उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में परीक्षा केंद्र आवंटित कर दिया गया था। छात्रा और उसके परिवार की शिकायत के बाद एनटीए ने इस मामले में भी सुधार करते हुए केंद्र को उचित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया।

इन घटनाओं ने एक बार फिर परीक्षा प्रबंधन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर ऐसे समय में जब नीट-यूजी परीक्षा पहले ही पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोपों के कारण रद्द कर दी गई और अब दोबारा परीक्षा लिए जाने से चर्चा में है। हालांकि एनटीए का कहना है कि दोनों मामलों का समाधान कर दिया गया है और सभी अभ्यर्थियों को समय पर संशोधित जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।

### यूसुफ पठान की विवादित जमीन की होगी नीलामी -

वडोदरा। वडोदरा महानगरपालिका (वीएमसी) ने शहर में वर्षों से लंबित भूमि विवादों के समाधान की दिशा में बड़ा और आक्रामक कदम उठाया है। पालिका की स्टैंडिंग कमेटी ने हाल ही में हुई बैठक में शहर के सात विभिन्न प्लॉटों की नीलामी कर उन्हें बेचने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। इन प्लॉटों में सबसे अधिक चर्चा पूर्व भारतीय क्रिकेटर और वर्तमान सांसद यूसुफ पठान के कब्जे वाले तांदलजा स्थित विवादित प्लॉट को लेकर हो रही है। वडोदरा के तांदलजा क्षेत्र में स्थित 978 वर्गमीटर का यह प्लॉट लंबे समय से विवादों के केंद्र में है। वडोदरा महानगरपालिका का दावा है कि यह सरकारी भूमि है, जिस पर यूसुफ पठान ने कथित रूप से अवैध कब्जा कर रखा है। यह मामला वर्ष 2012 से न्यायिक प्रक्रिया में लंबित है और फिलहाल गुजरात हाईकोर्ट में विचाराधीन है। हाल ही में हाईकोर्ट ने पूर्व क्रिकेटर को अपने पक्ष में दलीलें प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित समय दिया है। साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि जमीन पर अवैध कब्जा सिद्ध होता है तो उन्हें भारी जुर्माना भरना पड़ सकता है। आमतौर पर किसी भूमि विवाद के न्यायालय में लंबित रहने के दौरान उसकी नीलामी या बिक्री जैसी प्रक्रिया से बचा जाता है। हालांकि, वडोदरा महानगरपालिका के अधिकारियों का कहना है कि हाईकोर्ट की एकल पीठ (सिंगल जज) के पूर्व आदेश में इस जमीन को सरकारी संपत्ति माना गया है और यूसुफ पठान को अतिक्रमणकारी के रूप में चिन्हित किया गया है।

## जनता का पैसा बांटने के बाद वसूली नहीं करते? इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य नहीं

### सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्रेस्ड लोन को असाइन और सेटमेंट पर जताई चिंता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने जिस तरह से स्ट्रेस्ड लोन को असाइन और सेटल किया जा रहा था, उस पर चिंता जताई है। उन्होंने एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों, कर्ज लेने वालों और बैंकों के बीच मिलीभगत से जनता के हजारों करोड़ रुपए की हेराफेरी के मामले में कहा कि एआरसी, बैंक और कर्ज लेने वाले के बीच गहरी मिलीभगत है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के गृह और वित्त मंत्रालयों, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस से जवाब मांगा है। यह मामला नोएडा की एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी से जुड़े घोटाले से संबंधित है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस वी मोहन की वेकेशन बेंच ने इस मामले की सुनवाई की और केंद्र सरकार, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, ईडी, सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस, सीबीआई और सेबी से चार हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि याचिकाकर्ता का कहना था कि पब्लिक सेक्टर के बैंकों का 1,537 करोड़ रुपए का कर्ज दो एआरसी के जरिए सिर्फ 73.5 करोड़ रुपए में निपटा दिया गया, जिससे जनता के पैसे का भारी नुकसान हुआ।

चीफ जस्टिस ने कहा कि यह कैसी व्यावसायिक समझदारी है कि आप टैक्स देने वालों का पैसा यानी जनता का पैसा इकट्ठा करते हैं और फिर उसे बिना सोचे-समझे कर्ज के तौर पर बांट देते हैं। और बाद में उसे वसूलने की कोई कोशिश नहीं करते? इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है।

एआरसी, बैंक और कर्ज लेने वाले के बीच एक गहरी मिलीभगत है। इस तरह का व्यवहार मंजूर नहीं है। मुकदमे की पृष्ठभूमि को लेकर कुछ चिंताएं जताते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि वह पब्लिक फंड से जुड़े धोखाधड़ी के आरोपों को नजरअंदाज नहीं कर सकती।

कोर्ट ने कहा कि अगर धोखाधड़ी का मामला कोर्ट के संज्ञान में लाया गया है, और हम आंखें मूंद लेते हैं, तो इससे खतरा और बढ़ेगा। दोनों पक्षों की दलीलों और व्यापक चिंताओं पर ध्यान देते हुए कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि जेकेएम ट्रांजैक्शन कोई अलग-थलग मामला नहीं था, बल्कि यह बैंकों, एआरसी और कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं से जुड़े एक बड़े पैटर्न का हिस्सा था।

उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों करोड़ रुपए के लोन भारी छूट पर ट्रांसफर किए जा रहे थे, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हो रहा था। जेकेएम मामले का जिक्र करते हुए उपाध्याय ने बताया कि करीब 1,537 करोड़ का कर्ज आखिरकार 73.50 करोड़ में सेटल किया गया था।

## मृतक निवेशकों के शेयर-बॉन्ड्स आसानी से वारिसों के नाम होंगे

### सेबी ने ट्रांसफर प्रोसेस को सरल बनाया, अब पैन कार्ड की जरूरत भी नहीं होगी

मुंबई। सेबी बोर्ड ने मृतक निवेशकों के नाम पर मौजूद सिक्योरिटीज जैसे- शेयर्स और बॉन्ड्स को उनके कानूनी वारिसों और दावेदारों के नाम पर ट्रांसफर करने की प्रोसेस को आसान बनाने का फैसला किया है। इसके साथ ही रेगुलेटर ने फिजिकल और डीमैट फॉर्म में सिक्योरिटीज रखने वाले दावेदारों के लिए नई कैटेगरीज भी बनाई हैं। सेबी ने उन दावेदारों के लिए एक नई कैटेगरी बनाई है जहां फिजिकल फॉर्म में सिक्योरिटीज की वैल्यू प्रति शेयर 10,000 रुपए से ज्यादा नहीं है। वहीं डीमैट फॉर्म में रखी सिक्योरिटीज के लिए यह लिमिट प्रति शेयर 30,000 रुपए तय की गई है। सेबी ने साफ किया है कि चूंकि सिक्योरिटीज का ट्रांसमिशन डीमैट अकाउंट में किया जाएगा, जिसके लिए अकाउंट खोलते समय पैन देना पहले से ही जरूरी होता है। इसलिए अब ट्रांसमिशन के समय अलग से पैन सबमिट करने की जरूरत नहीं होगी।

### स्मॉल-वैल्यू क्लेम की रकम को दोगुना किया

रेगुलेटरी अथॉरिटी ने स्मॉल-वैल्यू क्लेम के अमाउंट को दोगुना कर दिया है। अब फिजिकल शेयर्स के लिए यह सीमा बढ़कर 10 लाख रुपए प्रति शेयर और डीमैट शेयर्स के लिए 30 लाख रुपए प्रति शेयर हो गई है। इसके अलावा बोर्ड ने कई ऐसे उपायों को मंजूरी दी है, जिससे कागजी औपचारिकताएं यानी प्रोसीजरल रिक्वायरमेंट्स कम होंगी और ट्रांसमिशन प्रोसेस आसान होगी। इसके साथ ही, हाल ही में उत्तराधिकार कानूनों यानी सक्सेशन लॉ में हुए बदलावों को देखते हुए वसीयत का प्रोबेट यानी प्रोबेट ऑफ विल प्राप्त करने की अनिवार्य शर्त को भी खत्म कर दिया गया है।

### जनरल बोगी में सीट के लिए मर्डर

नई दिल्ली। दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के दौरान हुए विवाद में एक यात्री की जान चली गई। प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर योगा एक्सप्रेस में चढ़ने की कोशिश कर रहे एक शख्स को कुछ सह-यात्रियों ने बुरी तरह पीट दिया। गंभीर हालत में पीड़ित को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह खौफनाक वारदात शाहदरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर हुई। उत्तर प्रदेश के बागपत के रहने वाले पंकज धामा योगा एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। तभी बोगी के गेट पर मौजूद कुछ अन्य यात्रियों के साथ उनकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते यह मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। गुस्साए सह-यात्रियों ने पंकज पर धावा बोल दिया।

लोकप्रिय पहले प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी के 12 वर्ष पूर्ण होने योग दिवस एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के लगभग 3 वर्ष पूर्ण होने सहित गृहमंत्री जी अमित भाई शाह जी के प्रयास से नक्सलियों को आत्म समर्पण दिलाये जाने सहित मुख्यधारा से जोड़ने पर मध्यप्रदेश राज्य सर्वप्रथम एण्टी नक्सली होने में मा. डॉ. मोहन यादव जी का सफल प्रयास रहा । धन्यवाद



मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार



मा. अमित शाह जी
गृहमंत्री, भारत सरकार



मा. डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, म.प्र.शासन



मा. अश्विनी वैष्णव
रेलमंत्री, भारत सरकार



श्रीमती भारती पारधी जी
मा.संसद सदस्य
बालाघाट



मान. रामकिशोर कावरे जी
जिला अध्यक्ष भाजपा
बालाघाट



मान. राजकुमार कर्राहे जी
विधायक लांजी

शुभेच्छु :-

ओमप्रकाश कुकासे, बालाघाट (म.प्र.)

पूर्व मेम्बर, कन्सलटेटिव कमेटी, पश्चिम मध्य रेल जोन जबलपुर एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेल जोन बिलासपुर





# पानी टंकी बनकर तैयार पर शुरू नहीं, एक दिन छोड़कर मिल रहा पानी, छिंदलई के ग्रामीण परेशान

## लाखों की लागत से बनी टंकी को नल-जल योजना की पाइपलाइन से नहीं जोड़ा गया, सड़क विभाग से अनुमति न मिलना बनी वजह, ग्रामीणों में आक्रोश

### पानी टंकी को नल-जल योजना की मुख्य पाइपलाइन से जोड़कर नियमित रूप से पानी प्रदाय करने की उठी मांग

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

**नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत छिंदलई के छिंदलईटोला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा लाखों रूपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन इसका लाभ स्थानीय ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। टंकी पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते इसे अब तक नल-जल योजना की मुख्य पाइपलाइन से नहीं जोड़ा गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को आज भी पुरानी व्यवस्था के तहत जाम की पानी टंकी से एक दिन के अंतराल (आल्टरनेट डे) में पानी मिल रहा है। वहीं एक वार्ड के कुछ ग्रामीण तो ऐसे हैं जिन्हें लंबे समय से नल-जल योजना का पानी नसीब ही नहीं हुआ है, जिससे उन्हें भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जबकि पीएचई विभाग को पानी टंकी का निर्माण हो चुका है तो उसे मुख्य पाइपलाइन से जोड़कर ग्रामीणजनों को नियमित रूप से नल-जल योजना का पानी प्रदाय किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नही किया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।**

#### गुणवत्ता पर उठे थे सवाल, अब अनुमति का पेंच

उल्लेखनीय है कि छिंदलई के छिंदलईटोला की इस पानी टंकी के निर्माण कार्य के दौरान पूर्व में अनियमितता बरतने के आरोप लगे थे। टेस्टिंग के दौरान टंकी से पानी रिसने (लीकेज) का मामला भी सामने आया था, हालांकि जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का दावा है कि निर्माण कार्य पूरी तरह गुणवत्तापूर्ण किया गया है। अब टंकी तैयार होने के बाद एक नया पेंच फंस गया है। बताया जा रहा है कि नई टंकी को मुख्य लाइन से जोड़ने के लिए सड़क खोदकर पाइपलाइन बिछानी है, जिसके लिए सड़क विभाग अनुमति नहीं दे रहा है। विभागों के इसी आपसी तालमेल की कमी के कारण काम अधर में लटका हुआ है। वहीं सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि छिंदलई वैनगंगा नदी में बने इंटकवेल से पानी जाम के जल शोधन केंद्र (फिल्टर प्लांट) में जाता है, जहां से लालबर्रा जनपद पंचायत क्षेत्र की 77 ग्राम पंचायतों को शुध्द पानी सप्लाई किया जाता है। लेकिन जिस ग्राम (छिंदलई) से इस पूरी जल योजना का संचालन हो रहा है, उसी ग्राम के लोग नियमित पानी के लिए तरस रहे हैं। वहीं लाखों रूपये खर्च होने के बाद भी पानी की समस्या जस की तस बनी रहने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि जब समस्या के समाधान के लिए टंकी बनाई गई है, तो उसे तत्काल शुरू किया जाना चाहिए। ग्रामीणजनों ने पीएचई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि सड़क विभाग से समन्वय बनाकर जल्द से जल्द पाइपलाइन को नई टंकी से जोड़ा जाये और ग्रामीणों को नियमित रूप से शुध्द पेयजल प्रदाय करें।

#### टंकी शुरू हो जाने से पानी की समस्या हो जायेगी दूर - भीमराव

छिंदलई सरपंच प्रतिनिधि भीवराम मानेश्वर ने बताया कि पीएचई विभाग के द्वारा लाखों रूपयों की लागत से छिंदलईटोला में नवीन पानी टंकी का निर्माण कार्य किया गया है जिसका कार्य पूर्ण हो चुका है। किन्तु निर्माण कंपनी के ठेकेदार का कहना है कि सड़क क्रास कर मुख्य पाइपलाइन से टंकी को जोड़ना है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा रोड क्रास हेतु अनुमति नही दी जा रही है जिस कारण से दोनों तरफ के सॉकिट जोड़ने काम अभी बाकी है। कल पुन: इसी बात पर ठेकेदार से चर्चा हुई तो उन्होने आश्वास्त किया है कि वे जल्द ही सॉकिट जोड़ने यानि की पाइपलाइन को नवीन टंकी से जोड़ने का कार्य कर दिया जायेगा। श्री मानेश्वर ने बताया कि टंकी बनने के बाद जब से पाइपलाइन की खुदाई हुई है तब से छिंदलईटोला क्षेत्र के कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस नवीन टंकी से पूरे छिंदलई पंचायत क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जानी है। वर्तमान में जाम की पानी टंकी से ग्रामीणजनों को नल-जल योजना का पानी मिल रहा है वह भी एक दिन छोड़कर मिलता है और यह पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल से ही चली आ रही है। आगे बताया कि नवीन पानी टंकी की जिस समय टेंस्टिग की जा रही थी तब मैं मौके पर उपस्थित नही था, लेकिन समाचार अखबारों से माध्यम से जानकारी लगी थी कि पानी रिस रहा है। जबकि टंकी की सही टेंस्टिंग मोटर चलाकर पूरी टंकी भरने के बाद ही संभव है। हमारे द्वारा समय-समय पर निर्माण स्थल का दौरा किया है और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण काम करने कहा भी गया है एवं ठीक तरीके से काम भी करवाया गया है। साथ ही नवीन पानी टंकी को नल-जल योजना की मुख्य लाइन से दो-चार दिनों में जोड़ने की बात ठेकेदार के द्वारा कही गई है। जिसके बाद नई टंकी से ग्रामीणजनों को नल-जल योजना का पानी नियमित रूप से प्रदाय किया जायेगा।

# लालबर्रा सांदीपनी स्कूल में सामूहिक योग कार्यक्रम आज

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** मध्यप्रदेश में आज 21 जून को बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश की सभी शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोक शिक्षण संचालनालय



तथा समग्र शिक्षा अभियान मध्यप्रदेश द्वारा इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश और समय-सारणी जारी कर दी गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की मुख्य थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' निर्धारित की गई है। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी (उत्कृष्ट) विद्यालय लालबर्रा में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रात: 6 बजे से सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चर्चा में सांदीपनी (उत्कृष्ट) उमावि. लालबर्रा के योग शिक्षिका शारदा मेश्राम ने बताया कि 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रात: 6 बजे से 7.45 बजे तक सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रात 6 बजे से पूर्व शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों की उपस्थिति, अतिथियों का आगमन, प्रात: 6 से 6.30 बजे तक अतिथियों का उद्बोधन, प्रात: 6.30 बजे से कोलकाता से राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, प्रात: 6.45 बजे से माननीय प्रधानमंत्री जी का राष्ट्र के नाम उद्बोधन, प्रात: 7 बजे से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास किया जायेगा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों से समय पर स्कूल पहुंचकर सामूहिक योग कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील प्रभारी प्राचार्य सनत दुबे, योग शिक्षिका शारदा मेश्राम ने की है।

# रमपुरी से घटोलगांव पहुंच मार्ग खराब, आवागमन में हो रही परेशानी

## ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने सड़क का मरम्मत कार्य करवाने की प्रशासन से की मांग

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 7 किमी. दूर ग्राम पंचायत रमपुरी से घटोलगांव पहुंच मार्ग खराब होने एवं जगह-जगह से डामर उखड़ जाने के कारण आने-जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कुछ स्थानों पर मार्ग के बीच में गड्डे भी बन गये है और गड्डे में दुपहिया वाहन जाने से हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है। वहीं लंबे समय से ग्रामीणजन एवं राहगीरों के द्वारा खराब सड़क का मरम्मत कार्य करवाने की मांग कर रहे है। लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों एवं राहगीरों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने शासन-प्रशासन से रमपुरी से घटोलगांव पहुंच मार्ग का जल्द मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से



निजात मिल सके। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत रमपुरी से घटोलगांव पहुंच मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा विगत वर्ष पूर्व किया गया है। लेकिन निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने के कारण सड़क का खस्ताहाल हो चुका है एवं जगह-जगह से डामर उखड़ गये है। साथ ही कुछ स्थानों पर गड्डे बन गये है। जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यह मार्ग रमपुरी से घटोलगांव होते हुए नेवरगांव ला. से छिंदलई-लामता हाईवे मार्ग को जोड़ता है और इस मार्ग से आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीणजन आवागमन करते है। लेकिन सड़क खराब होने से सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने शासन-प्रशासन से बरसात के पूर्व रमपुरी से घटोलगांव पहुंच मार्ग का मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

# महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास पर कार्यशाला का हुआ आयोजन




**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. संगीता मेश्राम की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस विश्व पर्यावरण दिवस एवं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस अभियान के अन्तर्गत आयोजित पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास पर एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे ने विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता एवं संरक्षण पर महत्वपूर्ण विस्तार से जानकारी प्रदाय किये। साथ ही उन्होंने बताया कि सत्त विकास से ही वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए भविष्य की पीढ़ियों के हितों की रक्षा किया जा सकता है। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. संगीता मेश्राम ने अपने व्याख्यान में प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने एवं अपने-अपने घरों में पेड़ लगाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस कार्यशाला में छात्र शरद सोनी ने कविता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस महत्वपूर्ण व्याख्यान को सफल बनाने में डॉ. देवराज चौरे, नरेश सौलाखे, श्रीमती भूमेश्वरी ठाकरे, श्रीमती संध्या भलावे, डॉ. आशा कारे, श्रीमती अनिभा शरणागत, दीपक अहिरवार, यादोराव राजुरकर, श्रीमती सरिता एड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर, प्रशिक हुमनेकर, निशांत तलवरे एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

# मांझापुर सरपंच ने 4 हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता राशि का किया वितरण

**पद्मेश न्यूज। बेहरई/लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मांझापुर के 4 व्यक्तियों का गत दिवस मृत्यु हो गई



थी। शुक्रवार को मृत व्यक्तियों के परिजन को ग्राम पंचायत मांझापुर सरपंच श्रीमती रूखमणी मर्सकोले के द्वारा 5-5 हजार रूपये की अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की गई है। ग्राम पंचायत मांझापुर सरपंच श्रीमती रूखमणी मर्सकोले ने बताया कि ग्राम के 4 व्यक्तियों का गत दिवस मृत्यु होने के उपरांत शासन से मिलने वाली मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल योजना के अंतर्गत) अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत मृत व्यक्तियों के परिजन मनीष बिसेन, सीताराम मेहरबान, किर्तन भगत, मीना देशमुख को 5-5 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई है। साथ ही शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ दिलवाया जायेगा। इस अवसर पर श्रीमती रूखमणी मर्सकोले सरपंच, घनश्याम चौधरी उपसरपंच, रंजना तिवारी सचिव, नितिन मेहरबान रोजगार सहायक, दीपक चौहान पंच, मनोज बिसेन सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# संगीत है शांति, संवेदना और मानवता का स्वर

आज का विश्व अभूतपूर्व संकटों के दौर से गुजर रहा है। एक ओर युद्धों की विभीषिका है, दूसरी ओर आतंकवाद का भय, सामाजिक हिंसा, मानसिक तनाव, अवसाद, अकेलापन और असहिष्णुता का बढ़ता हुआ वातावरण। विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधासंपन्न तो बनाया है, लेकिन मनुष्य के भीतर की शांति, संतुलन और आनंद कहीं खोता जा रहा है। ऐसे समय में यदि कोई शक्ति मनुष्य को स्वयं से, समाज से और मानवता से पुनः जोड़ सकती है तो वह है-संगीत। संगीत केवल मनोरंजन नहीं है, यह मनुष्य के भीतर छिपी संवेदनाओं का जागरण है। यह आत्मा की भाषा है, जो बिना शब्दों के भी हृदय तक पहुंच जाती है। यही कारण है कि 21 जून को विश्व संगीत दिवस केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता को शांति, संवेदना और सौहार्द का संदेश देने वाला वैश्विक उत्सव बन गया है। विश्व संगीत दिवस का आरम्भ 1982 में फ्रांस से हुआ था। इसका मूल उद्देश्य था कि संगीत सभागारों और मंचों तक सीमित न रहे, बल्कि स ?कों, पार्कों, चौपालों और जनजीवन में उतरे। धीरे-धीरे यह उत्सव 120 से अधिक देशों तक पहुंच गया। आज यह दिन हमें याद दिलाता है कि संगीत किसी देश, धर्म, जाति या भाषा का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता का साझा धरोहर है। वर्तमान समय में दुनिया का सबसे बड़ा संकट केवल युद्ध नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर बढ़ती हुई कठोरता और संवेदनहीनता है। हथियारों से पहले विचार हिंसक होते हैं और विचारों को मानवीय बनाने का सामर्थ्य संगीत में है। संगीत मनुष्य के भीतर करुणा, प्रेम और सह-अस्तित्व की भावना जगाता है। जहां संवाद समाप्त हो जाता है, वहां संगीत संवाद का नया मार्ग खोल देता है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी शांति नहीं दी, लेकिन संगीत ने सदैव टूटे हुए दिलों को जोड़ा है। सैनिक मोर्चों पर भी गीतों ने साहस जगाया है और शांति आंदोलनों में भी संगीत ने मानवता की आवाज बनकर कार्य किया है। आज जब दुनिया के अनेक हिस्से संघर्षों से जूझ रहे हैं, तब संगीत सीमाओं से परे जाकर मनुष्यों के बीच एक अदृश्य पुल का निर्माण कर सकता है। संगीत का सबसे बड़ा चमत्कार यह है कि यह मनुष्य को भीतर से स्वस्थ बनाता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी स्वीकार किया है कि संगीत केवल कानों को सुख नहीं देता, बल्कि शरीर और मस्तिष्क पर गहरा सकारात्मक प्रभाव डालता है। अनेक शोधों से प्रमाणित हुआ है कि मधुर संगीत तनाव हार्मोन को कम करता है, रक्तचाप को नियंत्रित करता है, अनिद्रा में राहत देता है तथा अवसाद और चिंता जैसी मानसिक समस्याओं को कम करने में सहायक होता है। आज दुनिया में करोड़ों लोग मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे हैं। प्रतिस्पर्धा, भागदौड़, अकेलापन और डिजिटल जीवनशैली ने मनुष्य को भीतर से थका दिया है। ऐसे समय में संगीत एक औषधि की तरह कार्य करता है। यही कारण है कि विश्व के अनेक अस्पतालों में संगीत-चिकित्सा- म्यूजिक थैरेपी का प्रयोग किया जा रहा है। यह चिकित्सा व्यक्ति के मन को शांत कर उसके भीतर आशा और सकारात्मकता का संचार करती है। संगीत का संबंध केवल स्वास्थ्य से नहीं, बल्कि रचनात्मकता और सृजनशीलता से भी है। जहां संगीत होता है, वहां जीवन में लय होती है। लयहीन जीवन तनाव पैदा करता है, जबकि संगीत जीवन को संतुलन प्रदान करता है। संगीत सुनने वाला व्यक्ति अधिक संवेदनशील, अधिक कल्पनाशील और अधिक रचनात्मक बनता है। यही कारण है कि साहित्य, कला, चित्रकला, नृत्य और अन्य सृजनात्मक क्षेत्रों में संगीत की उपस्थिति अनिवार्य मानी जाती है। यदि गहराई से देखा जाए तो संपूर्ण प्रकृति स्वयं एक विराट संगीत है। पक्षियों का कलरव, कोयल की कूक, झरनों की कलकल, समुद्र की लहरों का संगीत, वर्षा की रिमझिम, हवा की सरसराहट और पत्तों की थिरकन-सबमें संगीत की ही अभिव्यक्ति है।

# भारत में अनेकों गाँव शहर बन गए, पर सरकारी रिकॉर्ड में गाँव ही हैं, ऐसा क्यों?

वैश्विक स्तरपर भारत आज दुनियाँ के सबसे तेजी से शहरीकरण करने वाले देशों में शामिल है। देश के हजारों गाँव ऐसे हैं जो वास्तविकता में छोटे-बड़े शहरों का स्वरूप ग्रहण कर चुके हैं, वहाँ बहुमंजिला इमारतें, औद्योगिक प्रतिष्ठान, निजी अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, बाजार, बैंकिंग सुविधाएँ, इंटरनेट कनेक्टिविटी, पक्की सड़कें और लाखों की आबादी मौजूद है। इसके बावजूद सरकारी रिकॉर्ड में वे आज भी ग्राम के रूप में दर्ज हैं। इसके विपरीत कुछ क्षेत्रों में एक ही भौगोलिक क्षेत्र का एक भाग नगर परिषद अथवा नगर निगम में शामिल है जबकि दूसरा भाग ग्राम पंचायत के अधीन है। ऐसी स्थिति में एक ही क्षेत्र के नागरिकों को विकास योजनाओं बुनियादी सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के मामले में अलग-अलग व्यवहार का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति विकास नियोजन की दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है और अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि गाँव और शहर निर्धारित करने के मानकों की व्यापक समीक्षा की जाए। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र अधिवक्ता के तौर पर गंभीरता से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि मैंने कई शहरों में कई ऐसे स्थान देखें जहां पर रोड, नदी, नाले के इस तरफ शहर व उस तरफ गांव, जिससे वहां बिजली बिल, मकान टैक्स से लेकर जीवन शैली के हर स्टेज पर भेदभाव हो जाता है, वास्तव में किसी क्षेत्र को गाँव अथवा शहर घोषित करना केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं है,बल्कि इसके दूरगामी प्रभाव होते हैं। किसी क्षेत्र का दर्जा यह तय करता है कि वहाँ विकास योजनाएँ किस प्रकार लागू होंगी, किस प्रकार का स्थानीय प्रशासन कार्य करेगा, नागरिकों को कौन-कौन सी सुविधाएँ उपलब्ध होंगीकिस प्रकार के कर लगाए जाएंगे,भूमि उपयोग की नीति क्या होगी तथा आधारभूत संरचना का विकास किस दिशा में होगा। यदि कोई क्षेत्र ग्राम पंचायत के अंतर्गत है तो उस पर ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का प्रभाव अधिक रहता है, जबकि नगर परिषद, नगरपालिका अथवा नगर निगम क्षेत्र में शामिल होने पर शहरी विकास योजनाएँ, सीवरेज व्यवस्था,नगर परिवहन, स्मार्ट अवसंरचना औरनियोजित विकास जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होने लगती हैं। इसलिए यदि किसी क्षेत्र की वास्तविक स्थिति और सरकारी वर्गीकरण में अंतर हो तो उसका सीधा प्रभाव नागरिकों के जीवन स्तर और विकास के अवसरों पर पड़ता है। साथियों, भारत में गाँव की कोई एक समान राष्ट्रीय कानूनी परिभाषा नहीं है। सामान्यत: गाँवों की पहचान राज्यों के राजस्व अभिलेखों और पंचायत कानूनों के आधार पर की जाती है। संविधान के भाग-ड्डह्न तथा पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत ग्राम पंचायतों का गठन किया जाता है और राज्य सरकारें अपने-अपने पंचायत अधिनियमों के अनुसार गाँवों का प्रशासन संचालित करती हैं।किसी क्षेत्र को सामान्यत: तब ग्रामीण क्षेत्र माना जाता है जब वह राजस्व अभिलेखों में गाँव के रूप में दर्ज हो, ग्राम पंचायत के प्रशासनिक क्षेत्र में आता हो तथा नगर निकाय की सीमा से बाहर स्थित हो। परंतु पिछले कुछ दशकों में अनेक ऐसे गाँव विकसित हुए हैं जहाँ कृषि गतिविधियों की जगह उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र ने ले ली है, फिर भी उनका प्रशासनिक दर्जा नहीं बदला है।

साथियों, भारत में शहरों का वर्गीकरण मुख्यत:दोश्रेणियों में किया जाता है,वैधानिक शहर (स्टेटुटरी टाउन) और जनगणना शहर (सेंसस टाउन)। वैधानिक शहर वे होते हैं जिन्हें राज्य सरकार किसी कानून के अंतर्गत नगर निगम, नगर परिषद, नगरपालिका अथवा नगर पंचायत के रूप में अधिसूचित करती है। इनकी स्थापना राज्य के नगर पालिका अधिनियमों केद्गद्द अंतर्गत होती है और इनके गठन का अंतिम अधिकार राज्य सरकार के पास होता है। नगर निगम,नगर परिषद, नगरपालिका तथा नगर पंचायत इसी श्रेणी में आते हैं। किसी क्षेत्र की जनसंख्या, आर्थिक गतिविधियों, राजस्व क्षमता और नगरीय स्वरूप को देखते हुए राज्य सरकारें ऐसे निकायों की स्थापना करती हैं।दूसरी ओर जनगणना शहर की अवधारणा भारत की जनगणना द्वारा विकसित की गई है। जनगणना के अनुसार यदि कोई क्षेत्र तीन निर्धारित मानकों को पूरा करता है तो उसे जनगणना शहर माना जाता है। पहला, उस क्षेत्र की आबादी कम से कम 5000 होनी चाहिए। दूसरा, वहाँ जनसंख्या घनत्व कम से कम 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर होना चाहिए।तीसरा पुरुष मुख्य कार्यबल का कम से कम 75 प्रतिशत भाग कृषि के बजाय गैर-कृषि गतिविधियों में संलग्न होना चाहिए। इन मानकों को 1961 कीजनगणना के दौरान प्रमुख रूप से अपनाया गया था और आज भी काफी हद तक इन्हीं का उपयोग किया जाता है।

साथियों,यहीं से समस्या प्रारंभ होती है।1961 का भारत और 2026 का भारत पूरी तरह भिन्न हैं।छह दशक पहले देश की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि आधारित थी, औद्योगिकीकरण सीमित था,शहर अपेक्षाकृत छोटे थे और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या का अनुपात बहुत अधिक था।आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। महानगरों का विस्तार कई किलोमीटर दूर तक हो चुका है। अनेक गाँव महानगरों के उपनगर बन चुके हैं। लाखों लोग ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हुए प्रतिदिन शहरों में जाकर रोजगार करते हैं। सेवा क्षेत्र,सूचना प्रौद्योगिकी डिजिटल अर्थव्यवस्था और आधुनिक परिवहन ने ग्रामीण एवं शहरीद्ग जीवन के बीच की पारंपरिक दूरी को काफी हद तक समाप्त कर दिया है। ऐसे में केवल जनसंख्या, घनत्व और गैर-कृषि रोजगार के आधार पर किसी क्षेत्र की वास्तविक प्रकृति का निर्धारण करना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। साथियों, भारत के संविधान में ग्रामीण और शहरीस्थानीय निकायों के लिए महत्वपूर्ण संवैधानिक व्यवस्था की गई है। वर्ष 1992 में लागू 73वें संविधान संशोधन ने पंचायत राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। इसके माध्यम से ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद जैसी संस्थाओं को सशक्त बनाया गया। इसी प्रकार 74वें संविधान संशोधन द्वारा शहरी स्थानीय निकायों को संवैधानिक मान्यता प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत नगर पंचायत, नगरपालिका और नगर निगम जैसी संस्थाओं को संवैधानिक आधार मिला। संविधान का अनुच्छेद 243-क्यू नगर पंचायतों, नगरपालिकाओं और नगर निगमों के गठन से संबंधित है। इस अनुच्छेद के अनुसार राज्य सरकारें स्थानीय परिस्थितियों, जनसंख्या, आर्थिक गतिविधियों, राजस्व क्षमता और नगरीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किसी क्षेत्र को शहरी निकाय के रूप में अधिसूचित कर सकती हैं। यद्यपि संविधान ने व्यापक ढाँचा उपलब्ध कराया है, फिर भी शहर घोषित करने का अंतिम अधिकार राज्यों के पास है। प्रत्येक राज्य के नगर पालिका अधिनियम में नगर पंचायत, नगरपालिका अथवा नगर निगम के गठन के लिए अलग-अलग मानदंड निर्धारित हो सकते हैं।सामान्यत: जनसंख्या जनसंख्या घनत्व, स्थानीय राजस्व, औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियाँ, नगरीय अवसंरचना तथा प्रशासनिक आवश्यकता जैसे तत्वों को ध्यान में रखा जाता है। इसी कारण विभिन्न राज्यों में समान जनसंख्या वाले क्षेत्रों का दर्जा सटीक रूप से अलग-अलग हो सकता है। साथियों, जब किसी क्षेत्र का प्रशासनिक वर्गीकरण उसकी वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाता तो अनेक समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सबसे पहली समस्या विकास निधि के आवंटन की होती है। शहर जैसी आबादी और आवश्यकताओं वाले क्षेत्रों को भी शहरी विकास योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। परिणामस्वरूप वहाँ सड़क, जल निकासी, सीवरेज, सार्वजनिक परिवहन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी सुविधाओं का पर्याप्त विकास नहीं हो पाता। दूसरी ओर ग्राम पंचायतों की वित्तीय और प्रशासनिक क्षमता इतनी नहीं होती कि वे तेजी से बढ़ते नगरीय क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। इसके अतिरिक्त अनियोजित निर्माण, अवैध कॉलोनियों का विकास और भूमि उपयोग संबंधी अव्यवस्था भी बढ़ जाती है।ऐसे क्षेत्रों में प्रशासनिक भ्रम भी देखने को मिलता है। कई बार एक ही सड़क के दोनों ओर अलग-अलग प्रशासनिक व्यवस्थाएँ लागू होती हैं। एक ओर नगर परिषद की सीमा होती है तो दूसरी ओर ग्राम पंचायत का क्षेत्र। परिणाम स्वरूप नागरिकों को कर व्यवस्था, भवन निर्माण अनुमति, जलापूर्ति, संपत्ति पंजीकरण और अन्य सेवाओं में असमानता का सामना करना पड़ता है। निवेशकों के लिए भी ऐसी स्थिति अनिश्चितता पैदा करती है, क्योंकि भूमि उपयोग और विकास नियम स्पष्ट नहीं होते। साथियों, इस संदर्भ में यह प्रश्न भी उठता है कि क्या यह स्थिति विकासात्मक भेदभाव का उदाहरण है। कानूनी दृष्टि से इसे प्रत्यक्ष भेदभाव नहीं कहा जा सकता क्योंकि सरकारें वर्तमान कानूनों और अधिसूचनाओं के आधार पर कार्य करती हैं। फिर भी नीति निर्माण की दृष्टि से यह अवश्य कहा जा सकता है कि यदि कोई क्षेत्र वास्तविक रूप से शहरी बन चुका है और फिर भी उसे शहरी विकास योजनाओं तथा अवसंरचना निवेश से वंचित रखा जाता है तो वहाँ के नागरिक विकास के समान अवसरों से वंचित रह जाते हैं। इसलिए यह स्थिति विकासात्मक असमानता का रूप सटीकता से अवश्य धारण कर लेती है।

साथियों, विशेषज्ञों का मानना है कि अब गाँव और शहर के निर्धारण के लिए नए और आधुनिक मानकों की आवश्यकता है। केवल जनसंख्या और रोजगार आधारित मानक आज की जटिल सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं को नहीं दर्शाते। भविष्य में निर्मित क्षेत्र (बिल्ट- अप एरिया), भूमि उपयोग का स्वरूप, आर्थिक एकीकरण, प्रतिदिन शहरों में आने-जाने वाले लोगों की संख्या, परिवहन संपर्क, डिजिटल कनेक्टिविटी, जल एवं सीवरेज सुविधाओं की उपलब्धता तथा पर्यावरणीय वहन क्षमता जैसे मानकों को भी शामिल किया जाना चाहिए। इससे किसी क्षेत्र की वास्तविक प्रकृति का अधिक वैज्ञानिक आकलन संभव होगा।डिजिटल युग में उपग्रह चित्रों, ड्रोन सर्वेक्षण और भू-स्थानिक सूचना प्रणाली के उपयोग से यह कार्य और अधिक सरल हो सकता है। उपग्रह आधारित विश्लेषण से यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि किसी क्षेत्र में निर्माण गतिविधि कितनी बढ़ चुकी है, कृषि भूमि का कितना हिस्सा शहरी उपयोग में परिवर्तित हो चुका है तथा वहाँ की जनसंख्या का घनत्व और आर्थिक गतिविधियाँ किस स्तर तक पहुँच चुकी हैं।

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

# बालासाहेब की विरासत से राजनीतिक संघर्ष तक-क्यों मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं उद्धव ठाकरे और बदलती शिवसेना

**-कांतिलाल मांडोत**

महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना केवल एक राजनीतिक दल नहीं रही, बल्कि वह एक भावनात्मक आंदोलन और मराठी अस्मिता का प्रतीक भी रही है। इस आंदोलन की नींव शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे ने रखी थी। उनकी आक्रामक शैली, स्पष्ट विचारधारा और कार्यकर्ताओं पर मजबूत पकड़ ने शिवसेना को महाराष्ट्र की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक शक्तियों में शामिल कर दिया था। लेकिन समय के साथ राजनीति बदली, परिस्थितियां बदलीं और नेतृत्व भी बदला। आज शिवसेना के वर्तमान प्रमुख उद्धव ठाकरे ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जिसे उनके राजनीतिक जीवन का सबसे कठिन समय माना जा रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में उद्धव ठाकरे की राजनीतिक स्थिति लगातार कमजोर होती दिखाई दी है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी सरकार बनने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद संभाला, लेकिन इसी फैसले ने उनके सामने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दीं। भाजपा के साथ दशकों पुराने गठबंधन को छोड़कर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ सरकार बनाने का निर्णय शिवसेना के पारंपरिक समर्थकों के एक बड़े वर्ग को स्वीकार नहीं हुआ। पार्टी के भीतर भी असंतोष धीरे-धीरे बढ़ने लगा। यही असंतोष आगे चलकर बड़े राजनीतिक संकट में बदल गया।

साल 2022 में शिवसेना को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विधायकों ने बगावत कर दी। यह केवल विधायकों का विद्रोह नहीं था, बल्कि शिवसेना की संगठनात्मक ताकत और नेतृत्व क्षमता पर भी बड़ा सवाल था। शिंदे गुट ने दावा किया कि वह बालासाहेब ठाकरे की मूल विचारधारा का प्रतिनिधित्व कर रहा है। इसके बाद चुनाव आयोग द्वारा पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह शिंदे गुट को मिलने से उद्धव ठाकरे को एक और बड़ा झटका लगा।

इसके बाद उद्धव ठाकरे ने शिवसेना (यूबीटी) के रूप में अपनी राजनीतिक लड़ाई जारी रखी। लोकसभा चुनावों में कुछ सफलता मिलने से ऐसा लगा कि पार्टी फिर से मजबूती की ओर बढ़ रही है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों ने एक बार फिर उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पार्टी के सांसदों में असंतोष और संभावित टूट की खबरों ने यह संकेत दिया है कि संगठन अभी भी स्थिर नहीं हो पाया है। यदि सांसदों का बड़ा समूह अलग रास्ता चुनता है तो यह शिवसेना (यूबीटी) के लिए एक और बड़ा राजनीतिक आघात साबित हो सकता है।

उद्धव ठाकरे की सबसे बड़ी चुनौती यह रही है कि वे अपने पिता बालासाहेब ठाकरे जैसी जननेता की छवि नहीं बना सके। बालासाहेब कभी चुनाव नहीं लड़े, लेकिन महाराष्ट्र की राजनीति में उनकी बात अंतिम मानी जाती थी। उनकी सभाओं में हजारों लोग जुटते थे और उनके एक बयान से राजनीतिक माहौल बदल जाता था। वे अपने समर्थकों के लिए एक करिश्माई नेता थे जिनकी पकड़ संगठन पर पूरी तरह बनी रहती थी।

इसके विपरीत उद्धव ठाकरे का व्यक्तित्व अपेक्षाकृत शांत और संयमित माना जाता है। वे टकराव की राजनीति की बजाय संवाद और संगठनात्मक प्रबंधन को प्राथमिकता देते रहे हैं। मुख्यमंत्री के रूप में उनके कामकाज की कई लोगों ने सराहना की, विशेषकर कोविड-19 महामारी के दौरान। लेकिन राजनीति में केवल प्रशासनिक क्षमता ही पर्याप्त नहीं होती। संगठन को एकजुट रखना, कार्यकर्ताओं में उत्साह बनाए रखना और नेतृत्व के प्रति अटूट विश्वास कायम रखना भी उतना ही आवश्यक होता है। यही वह क्षेत्र है जहां उद्धव ठाकरे को लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

बालासाहेब ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बीच सबसे बड़ा अंतर नेतृत्व शैली का दिखाई देता है। बालासाहेब की राजनीति भावनात्मक जुड़ाव, प्रखर हिंदुत्व और आक्रामक वक्तव्यों पर आधारित थी। वे सीधे कार्यकर्ताओं से संवाद करते थे और पार्टी के भीतर असहमति की गुंजाइश बहुत कम रहती थी। दूसरी ओर उद्धव ठाकरे अपेक्षाकृत सौम्य और संस्थागत शैली के नेता हैं। वे गठबंधन राजनीति में विश्वास रखते हैं और कई मुद्दों पर नरम रुख अपनाते दिखाई दिए हैं। यही कारण है कि शिवसेना के कुछ पुराने कार्यकर्ताओं और नेताओं को लगा कि पार्टी अपनी मूल पहचान से दूर जा रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा से अलग होने का फैसला उद्धव ठाकरे के राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। भाजपा और शिवसेना का गठबंधन दशकों पुराना था और दोनों दलों का मतदाता आधार भी काफी हद तक समान था। जब यह गठबंधन टूटा तो शिवसेना के सामने अपनी नई राजनीतिक पहचान स्थापित करने की चुनौती खड़ी हो गई। कांग्रेस और एनसीपी के साथ गठबंधन ने तत्काल सत्ता तो दिलाई, लेकिन लंबे समय में इस फैसले की राजनीतिक कीमत भी चुकानी पड़ी।

आज स्थिति यह है कि शिवसेना दो हिस्सों में बंटी हुई दिखाई देती है। एक ओर एकनाथ शिंदे का गुट सत्ता में है और उसके पास संगठन का बड़ा हिस्सा तथा आधिकारिक पार्टी पहचान है। दूसरी ओर उद्धव ठाकरे के पास सहानुभूति, एक समर्पित कार्यकर्ता वर्ग और ठाकरे परिवार की विरासत है। लेकिन केवल विरासत के आधार पर राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। इसके लिए मजबूत संगठन, प्रभावी नेतृत्व और लगातार जनसंपर्क की आवश्यकता होती है।

हाल के दिनों में सांसदों और नेताओं की नाराजगी की खबरें यह बताती हैं कि उद्धव ठाकरे को अभी भी संगठन को मजबूत करने के लिए काफी मेहनत करनी होगी। उन्हें यह साबित करना होगा कि शिवसेना (यूबीटी) केवल एक भावनात्मक मंच नहीं, बल्कि भविष्य की एक मजबूत राजनीतिक शक्ति भी है। यदि वे पार्टी के भीतर विश्वास बहाल करने और नए नेतृत्व को आगे लाने में सफल होते हैं तो राजनीतिक वापसी की संभावना बनी रह सकती है। महाराष्ट्र की राजनीति में ठाकरे नाम आज भी प्रभाव रखता है। लेकिन वर्तमान दौर केवल नाम या विरासत के सहारे नहीं जीता जा सकता। राजनीतिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं और दलों के भीतर भी शक्ति संतुलन लगातार बदल रहा है। ऐसे में उद्धव ठाकरे के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी पार्टी को एकजुट रखना और जनता के बीच यह विश्वास कायम करना है कि शिवसेना (यूबीटी) भविष्य में भी एक मजबूत विकल्प बन सकती है। बालासाहेब ठाकरे ने जिस शिवसेना को संघर्ष, विचारधारा और संगठनात्मक अनुशासन के आधार पर खड़ा किया था, आज वही पार्टी कई हिस्सों में बंटी हुई दिखाई देती है। यह स्थिति केवल उद्धव ठाकरे के लिए ही नहीं, बल्कि उस राजनीतिक विरासत के लिए भी बड़ी परीक्षा है जिसे बालासाहेब ने दशकों की मेहनत से तैयार किया था। आने वाले वर्षों में यह तय होगा कि उद्धव ठाकरे इस संकट से उबरकर अपनी राजनीतिक जमीन फिर से मजबूत कर पाते हैं या महाराष्ट्र की राजनीति में उनका प्रभाव धीरे-धीरे सीमित होता चला जाएगा। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि वे अपने राजनीतिक जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं और उनके सामने खड़ी चुनौतियां पहले से कहीं अधिक कठिन हैं।

# योग है दुनिया के लिए भारत का शाश्वत अवदान

आज जब पूरी दुनिया युद्धों, आतंकवाद, हिंसा, मानसिक तनाव, पर्यावरणीय संकट और नई-नई बीमारियों की चुनौतियों से घिरी हुई है, तब मानवता एक ऐसे मार्ग की तलाश में है जो केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को भी संतुलित कर सके। ऐसे संक्रमणकाल में योग केवल एक व्यायाम पद्धति या स्वास्थ्य विज्ञान नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए आशा का प्रकाश-स्तंभ बनकर उभरा है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज केवल भारत का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व का उत्सव बन गया है। भारत अनादिकाल से योग की भूमि रहा है। इस भूमि के कण-कण में ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों और योगियों की साधना की सुगंध समाई हुई है। वैदिक ऋषियों से लेकर भगवान महावीर, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गांधी, श्री अरविन्द, आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ तक, सभी ने योग को जीवन के उत्कर्ष और मानव कल्याण का आधार माना। योग ने भारत की आध्यात्मिक चेतना को ही नहीं गढ़ा, बल्कि विश्व को यह संदेश भी दिया कि मनुष्य का वास्तविक विकास भीतर से प्रारंभ होता है।

आज विश्व जिस दिशा में बढ़ रहा है, वह चिंता का विषय है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष, आतंकवाद की घटनाएं, साम्प्रदायिक तनाव और हथियारों की बढ़ती हो? मानव सभ्यता को भय और असुरक्षा की ओर धकेल रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विज्ञान और तकनीक ने अभूतपूर्व सुविधाएं दी हैं, लेकिन इनके साथ विनाश की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। ऐसे समय में योग की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। योग मनुष्य को भीतर से शांत, संतुलित और संवेदनशील बनाता है। जब व्यक्ति के भीतर शांति होगी, तभी समाज और राष्ट्र में शांति का वातावरण निर्मित होगा। योग का मूल अर्थ ही है-जोड़ना। यह मनुष्य को मनुष्य से, आत्मा को परमात्मा से, व्यक्ति को समाज से और मानवता को सम्पूर्ण सृष्टि से जोड़ता है। योग विभाजन नहीं, एकता का दर्शन है। इसलिए वह हिंसा, घृणा, आतंक और संघर्ष का स्वाभाविक प्रतिरोधक है। जो व्यक्ति योग के माध्यम से अपने भीतर करुणा, प्रेम और अहिंसा का विकास करता है, वह किसी के प्रति द्वेष नहीं रख सकता। यही कारण है कि महात्मा गांधी की अहिंसा और भगवान महावीर का जीव-दया का संदेश भी योग की व्यापक चेतना से जुड़ा हुआ दिखाई देता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आज मानसिक तनाव, अवसाद, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में मनुष्य बाहरी उपलब्धियों के पीछे दौड़ रहा है, लेकिन भीतर से खाली और अशांत होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में योग एक समग्र चिकित्सा-पद्धति के रूप में सामने आया है। योग शरीर, मन और भावनाओं के बीच संतुलन स्थापित करता है। नियमित आसन, प्राणायाम और ध्यान व्यक्ति की प्रतिरक्षा शक्ति को बढ़ाते हैं, तनाव को कम करते हैं तथा मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी दुनिया ने अनुभव किया कि स्वस्थ जीवनशैली और मजबूत प्रतिरोधक क्षमता कितनी महत्वपूर्ण है। उस समय योग, प्राणायाम और ध्यान ने करोड़ों लोगों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज भी चिकित्सक और स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्वीकार करते हैं कि योग अनेक बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन में अत्यंत प्रभावी सहायक माध्यम है। यह दवाओं का विकल्प नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है।

योग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल रोगों से मुक्ति नहीं देता, बल्कि जीवन को दिशा देता है। पातंजलि ने योग को चित्तवृत्ति निरोध कहा है। अर्थात् मन की चंचलता और विकारों पर नियंत्रण। जब मन नियंत्रित होता है, तब व्यक्ति में निर्णय क्षमता, धैर्य और आत्मविश्वास का विकास होता है। आज की पीढ़ी, जो तनाव, प्रतिस्पर्धा और डिजिटल व्यसनों के बीच जी रही है, उसके लिए योग मानसिक संतुलन का सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है। योग का एक महत्वपूर्ण पक्ष उसका नैतिक और मानवीय आयाम भी है। यम और नियम जैसे सिद्धांत सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, संयम और संतोष की शिक्षा देते हैं। यदि इन मूल्यों को व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में अपनाया जाए, तो हिंसा, भ्रष्टाचार, अपराध और सामाजिक विद्वेष जैसी समस्याओं में स्वाभाविक कमी आ सकती है। इसलिए योग केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और सामाजिक पुनर्निर्माण का भी अभियान है। भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता में योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक शक्ति और विश्वसनीयता का बड़ा प्रमाण है। आज दुनिया के लगभग सभी देशों में योग का अभ्यास किया जा रहा है। यह केवल एक कूटनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक विजय है। प्रधानमंत्री मोदी ने योग के साथ-साथ भारतीय अहिंसा, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, मिलेट्स आधारित भारतीय खानपान और वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को भी विश्व मंच पर स्थापित करने का प्रयास किया है। यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भारत केवल आर्थिक या सैन्य शक्ति बनने का सपना नहीं देखता, बल्कि मानवता को स्वस्थ, संतुलित और शांतिपूर्ण जीवन का मार्ग दिखाने की क्षमता भी रखता है। यही विश्वगुरु भारत की अवधारणा का मूल है।

भारतीय आयुर्वेद और योग का संबंध भी अत्यंत गहरा है। आयुर्वेद शरीर की चिकित्सा करता है, जबकि योग मन और चेतना को संतुलित करता है। दोनों मिलकर स्वस्थ जीवन की संपूर्ण व्यवस्था प्रस्तुत करते हैं। आज जब दुनिया रासायनिक दवाओं के दुष्प्रभावों और जीवनशैली जनित रोगों से चिंतित है, तब योग और आयुर्वेद एक वैकल्पिक नहीं, बल्कि पूरक एवं स्थायी समाधान के रूप में उभर रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि योग ने हर युग में एक मौन क्रांति को जन्म दिया है। इसने राजाओं को ऋषि बनाया, योद्धाओं को संत बनाया और सामान्य मनुष्यों को असाधारण व्यक्तित्व प्रदान किए। स्वामी विवेकानन्द ने योग के माध्यम से भारतीय अध्यात्म को विश्व के सामने रखा। महात्मा गांधी ने कर्मयोग और अहिंसा के बल पर एक साम्राज्य को चुनौती दी। श्री अरविन्द ने योग को मानव चेतना के विकास का साधन बनाया। यह सब योग की परिवर्तनकारी शक्ति के उदाहरण हैं। इसलिये योग दिवस उत्सव का नहीं, संकल्प का अवसर बने। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, कार्यालयों, उद्योगों और सामाजिक संस्थाओं में योग को जीवनशैली के रूप में अपनाने की पहल हो। परिवारों में योग, ध्यान और सकारात्मक संवाद की संस्कृति विकसित हो। यदि व्यक्ति स्वस्थ होगा तो परिवार स्वस्थ होगा, परिवार स्वस्थ होगा तो समाज स्वस्थ होगा और समाज स्वस्थ होगा तो राष्ट्र एवं विश्व भी स्वस्थ और शांतिपूर्ण बन सकेगा।

योग और ध्यान की भारतीय परम्परा को आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुरूप नई दिशा देने वाले महान दार्शनिक, चिंतक एवं आध्यात्मिक धर्मगुरु आचार्य महाप्रज्ञ का योगदान भी इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने 'प्रेक्षाध्यान' पद्धति के माध्यम से ध्यान की पारंपरिक अवधारणाओं को एक नया वैज्ञानिक एवं प्रयोगधर्मी स्वरूप प्रदान किया। सदियों से ध्यान मुख्यत: आध्यात्मिक साधना और मोक्ष के मार्ग के रूप में देखा जाता रहा था, किन्तु आचार्य महाप्रज्ञ ने उसे जीवन-विज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और व्यक्तित्व विकास से जोड़कर एक नई क्रांति का सूत्रपात किया। उनका मानना था कि मनुष्य यदि अपने शरीर, श्वास, चित्त, भावों और चेतना को 'प्रेक्षा' अर्थात् गहराई से देखना सीख जाए, तो उसके भीतर छिपी अनेक मानसिक विकृतियां स्वत: समाप्त होने लगती हैं। प्रेक्षाध्यान ने ध्यान को केवल साधु-संतों की साधना न रहने देकर सामान्य जनजीवन का हिस्सा बनाया।

वर्तमान समय में मानवता जिस दोराहे पर खड़ी है, वहां योग केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। यह शरीर को निरोग, मन को शांत, बुद्धि को निर्मल और आत्मा को जागृत करता है। यह युद्ध के स्थान पर शांति, हिंसा के स्थान पर करुणा और तनाव के स्थान पर संतुलन का मार्ग दिखाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का वास्तविक संदेश भी यही है कि मनुष्य बाहर की दुनिया को बदलने से पहले अपने भीतर की दुनिया को बदले। भारत ने योग के माध्यम से विश्व को एक अमूल्य उपहार दिया है। यदि मानवता इस उपहार का सही अर्थों में उपयोग करे, तो एक नई वैश्विक चेतना का उदय संभव है-ऐसी चेतना, जिसमें शांति हो, स्वास्थ्य हो, सह-अस्तित्व हो और समस्त मानवता के कल्याण का भाव हो। यही योग का स्वप्न है, यही भारत का संदेश है और यही भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता भी।

**-ललित गर्ग**

# जैन मंदिर के सामने सड़क पर पड़े दो बड़े गड्ढे दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण, नगर परिषद की अनदेखी से जनजीवन खतरे में







**पद्मेश न्यूज। लांजी । नगर का सबसे व्यस्ततम मार्ग लांजी-बालाघाट रोड पर जैन मंदिर के ठीक सामने हाऊबाग क्षेत्र में सड़क के बीचों-बीच दो बड़े गड्ढे लगभग महीने से बने हुए हैं। जो कि दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। हाल में डिवाइडर बनने के बाद समस्या और बढ़ गई है, लेकिन नगर परिषद की ओर से अब तक कोई ठोस मरम्मत नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में आक्रोश फैला हुआ है।**

## गड्ढे बने दुर्घटना का सबब

जानकारी के अनुसार, ये गड्ढे लगभग एक माह से सड़क पर बने हुए हैं। दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही वाले इस मार्ग पर गड्ढों के कारण छोटी गाड़ियां और दोपहिया वाहन अक्सर अनियंत्रित हो जाते हैं। रात में तो स्थिति और खतरनाक हो जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गड्ढों के पास सिर्फ औपचारिकता के तौर पर स्टापर रख दिए गए हैं, जो किसी भी वाहन के फिसलने या दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। लोगों का कहना है कि यह मार्ग दिन भर भारी वाहन और यातायात देखता है। गड्ढे इतने बड़े हैं कि रात में अथवा बारिश होने पर यह दिखाई नहीं देंगे और कोई भी गाड़ी फंस कर पलट सकती है। स्कूल जाने वाले बच्चों और पैदल राहगीरों के लिए यह मार्ग पूरी तरह असुरक्षित हो गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढे बनने के तुरंत बाद नगर परिषद को सूचना दे दी गई थी, लेकिन अब तक केवल स्टापर रखकर समस्या को टाल दिया गया है। नागरिकों ने नगर परिषद की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ फाइलों तक सीमित रह गए हैं, जबकि आम जनता रोजाना जान जोखिम में डालकर गुजर रही है। वार्ड वासियों ने गड्ढों की तुरंत और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत (फिलिंग व समतलीकरण) तत्काल किए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते गड्ढे नहीं भरे गए तो किसी भी दिन गंभीर दुर्घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी।

# मंडी टैक्स बढ़ोतरीः किसानों-व्यापारियों पर नया बोझ

## एक राष्ट्र एक कर का दोहरा चेहरा - गौरीशंकर सातपुते

**पद्मेश न्यूज। लांजी ।** केंद्र सरकार की 'एक राष्ट्र, एक कर' की बात करने वाली प्रदेश सरकार ने कृषि उपज मंडी में 1 प्रतिशत का मंडी टैक्स बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया है। इस फैसले से पहले से ही संकट झेल रहे किसानों की कमर और टूट गई है, जबकि व्यापारी वर्ग में आक्रोश फैल गया है। सरकार एक तरफ निःशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का वादा करती है, वहीं दूसरी ओर किसानों की मेहनत की उपज पर सीधा टैक्स बढ़ाकर उनके आय को रातोंरात 50 प्रतिशत कम कर दिया है। लांजी व्यापारी संघ के अध्यक्ष गौरीशंकर सातपुते ने मीडिया को दिए विशेष बयान में इस फैसले की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा, किसान पहले ही बढ़ती लागत, गिरते दाम और प्राकृतिक आपदाओं से परेशान हैं। ऐसे में मंडी टैक्स में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करना सरकार की किसान-विरोधी नीति को उजागर करता है। यह फैसला नैतिकता के खिलाफ है। टैक्स का बोझ सीधे किसान पर पड़ता है, क्योंकि मंडी में बिकने वाली उपज का 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सा अब किसान की जेब से जाएगा।

### किसान-व्यापारी दोनों पर मार

व्यापारी नेताओं का कहना है कि यह बढ़ोतरी न केवल किसानों की आय घटाएगी बल्कि व्यापार करने की लागत भी बढ़ाएगी। अनौपचारिक रूप से कई छोटे व्यापारी और आढ़तिये पहले ही संकट का सामना कर रहे थे। नया टैक्स उनके मुनाफे को और सिकोड़ देगा। लांजी व्यापारी संघ ने इस फैसले का पुरजोर विरोध जताते हुए इसे अनावश्यक और असंवेदनशील करार दिया है। सरकार के इस कदम से किसान और व्यापारी वर्ग में गहरा असंतोष व्याप्त है। वहीं कृषि उपज मंडी के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों में अजीब उत्साह दिखाई दे रहा है। गौरीशंकर सातपुते ने व्यंग्य पूर्वक कहा कि बिना लाइसेंस वाले व्यापारियों



के माल को ऊपर से छोड़ने के नाम पर अब ज्यादा चाय-पानी की कमाई होने वाली है। यानी टैक्स बढ़ोतरी का असली फायदा शायद सरकारी तंत्र को ही मिलने वाला है, जबकि असली हितधारक किसान और व्यापारी दोहरी मार झेल रहे हैं।

### 'एक राष्ट्र एक कर' का विरोधाभास

विपक्षी दलों और किसान संगठनों का आरोप है कि केंद्र 'एक राष्ट्र, एक कर' (तस्त्र) की बात कर रही है, लेकिन राज्य स्तर पर कृषि क्षेत्र में ऐसे कर बढ़ाए जा रहे हैं जो किसान अर्थव्यवस्था को कमजोर करते हैं। कृषि उपज मंडी टैक्स कृषि से जुड़ा कर है और इसे बढ़ाने से पूरे आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ता है ङ्क खेत से मंडी तक, मंडी से बाजार तक। गौरीशंकर सातपुते ने कहा कि जहां एक ओर सरकार फसल बीमा, सिंचाई और न्यूनतम समर्थन मूल्य की बात करती है, वहीं मंडी में टैक्स बढ़ाकर वही किसानों को जोखिम में डाल दिया जाता है। किसान की उपज पर टैक्स लगाना नैतिक रूप से गलत है। सरकार को राहत देनी चाहिए, बोझ नहीं बढ़ाना चाहिए। व्यापारी संघ ने इस मुद्दे को लेकर उच्च अधिकारियों और कृषि मंत्री तक शिकायत भेजने की तैयारी कर ली है। साथ ही व्यापक विरोध प्रदर्शन और धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है। किसान संगठन भी इस फैसले के खिलाफ एकजुट होने लगे हैं।

# करो योग, रहो निरोग
## आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालयों में होगा कार्यक्रम

**पद्मेश न्यूज। लांजी ।** करो योग, रहो निरोग के संदेश के साथ 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर नगर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी परिसर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं




विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति प्रातः 6 बजे सुनिश्चित की जाएगी। इसके पश्चात अतिथियों के उद्बोधन एवं कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ के साथ राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण भी किया जाएगा। इसके बाद निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियमित योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है तथा अनेक रोगों से बचाव संभव है। योग करो, रोज करो, योग से रोग दूर करो के संदेश के साथ सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया है।

# सावरी खुर्द स्कूल के सामने हादसे की आशंका

## सैकड़ों स्कूली बच्चों के लिए खतरा बने स्कूल गेट के पास 11 केवी लाइन व खड़े ऊंचे पेड़







**पद्मेश न्यूज। लांजी ।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सावरी खुर्द स्थित शासकीय एकीकृत शाला के मुख्य प्रवेश द्वार के पास लगे तीन विशाल लिफ्टन के पेड़ इन दिनों सैकड़ों स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गए हैं। पेड़ों के बेहद नजदीक से 11 केवी विद्युत लाइन सहित दो घरेलू बिजली तार गुजर रहे हैं। पेड़ों की बढ़ी हुई शाखाएं लगातार विद्युत तारों के संपर्क में टूटकर आ रही हैं, जिससे आए दिन शॉर्ट सर्किट, चिंगारियां निकलने और आग लगने जैसी घटनाएं हो रही हैं। करीब 3-4 बार विद्युत तार टूट गई है। जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं अध्ययन करने आते हैं। स्कूल का मुख्य प्रवेश द्वार इन्हीं पेड़ों के पास होने के कारण बच्चे सीधे जोखिम वाले क्षेत्र से होकर विद्यालय पहुंचते हैं। यदि स्कूल समय के दौरान कोई विद्युत तार टूटकर गिर जाए या करंट प्रवाहित हो जाए तो बड़ी जनहानि हो सकती है। इसके बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि 19 जून को भी पेड़ों की शाखाओं के कारण बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ था। उस समय स्कूल पहुंचे बच्चे भय के कारण अंदर नहीं जा सके और उन्हें काफी देर तक विद्यालय के बाहर इंतजार करना पड़ा। घटना के दौरान चिंगारियां और धुआं निकलने से बच्चों एवं अभिभावकों में दहशत का माहौल बन गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में विद्युत विभाग को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विभागीय कर्मचारियों द्वारा इसे अपना कार्य नहीं बताया जा रहा है। ग्रामीणों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन ने प्रशासन से मांग की है कि सैकड़ों बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूल गेट के पास खड़े खतरनाक पेड़ों की तत्काल कटाई-छंटाई कराई जाए तथा विद्युत लाइनों को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से पहले इस गंभीर समस्या का समाधान हो सके।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किश्त जारी, बालाघाट के 3.36 लाख से अधिक किसानों को मिला लाभ

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर (हुगली) से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किश्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से देशभर के किसानों के बैंक खातों में अंतरण किया। इस अवसर पर बालाघाट जिले में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाहॉल में प्रदर्शित किया गया, जिसमें किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डी.पी. बर्मन, अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले की सभी तहसीलों एवं विकासखंड मुख्यालयों में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के माध्यम से पात्र किसान परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। दोनों योजनाओं के अंतर्गत किसानों को प्रतिवर्ष 6-6 हजार रुपये की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। इस प्रकार किसानों को सालाना कुल 12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त होती है। बालाघाट जिले में इन दोनों योजनाओं के तहत 3 लाख 36 हजार 130 किसान परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। 23वीं किश्त जारी होने के साथ ही जिले के किसानों के खातों में राशि पहुंच गई है, जिससे उन्हें खेती-किसानी और अन्य आवश्यक कार्यों में आर्थिक सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में बालाघाट जिले के सर्वाधिक किसान परिवार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने के साथ-साथ कृषि गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। किसानों ने योजनाओं के माध्यम से नियमित रूप से मिल रही आर्थिक सहायता के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि कृषि कार्यों में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ( शहरी ) 2.0 के तहत भूमिपूजन एवं गृहप्रवेश कार्यक्रम संपन्न

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिए स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन एवं पूर्ण निर्मित आवासों का गृहप्रवेश कार्यक्रम नगर पालिका परिषद वारासिवनी द्वारा गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 4 मई से 31 जुलाई 2026 तक स्वीकृत आवासों के भूमिपूजन का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 जून 2026 को ऐसे हितग्राहियों, जिनके आवास निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका गृहप्रवेश कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर नवीन स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य के लिए हितग्राहियों द्वारा भूमिपूजन संपन्न कराया गया। वहीं पूर्ण निर्मित आवासों के हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपकर गृहप्रवेश कराया गया तथा उनके नए जीवन की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी गईं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का उद्देश्य



प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है, जिससे पक्के आवास का सपना साकार हो रहा है।

नगर पालिका परिषद द्वारा हितग्राहियों को योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों ने शासन एवं नगर पालिका परिषद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से उन्हें अपने परिवार के लिए सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आवास प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों से शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# भीड़ प्रबंधन के लिए बनेंगे हाईटेक होल्डिंग एरिया

## मप्र के 3 रेलवे स्टेशनों इंदौर, उज्जैन और सीहोर पर क्राउड मैनेजमेंट बड़ा चैलेंज, रेलवे ने निकाला हाईटेक सॉल्यूशन

भोपाल। धार्मिक आयोजन, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों के कारण मध्य प्रदेश के 3 रेलवे स्टेशनों को अब देश के उन चुनिंदा 72 स्टेशनों में शामिल किया गया है, जहां यात्रियों की भीड़ को हाईटेक तरीके संभालने की तैयारी है. भारतीय रेलवे ने एक साल पहले देशभर के रेलवे स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट को लेकर राइट्स(रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक्स सर्विस) के माध्यम से सर्वे कराया था, इसमें सामान्य दिनों के साथ विशेष पर्वों, धार्मिक आयोजनों और बड़े आयोजनों के दौरान यात्रियों की संख्या देखी गई. इनमें उज्जैन, इंदौर और सीहोर रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ऐसे रेलवे स्टेशन चिह्नित किए गए, जहां आने वाले समय में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नई व्यवस्थाएं जरूरी हैं. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट के बाद उज्जैन, इंदौर और सीहोर रेलवे स्टेशन चुने गए हैं, जहां होल्डिंग एरिया बनाने करने की तैयारी की जा रही है. उज्जैन में प्लेटफॉर्म नंबर 1 और प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था प्रस्तावित है. इंदौर और सीहोर में भी होल्डिंग एरिया बनाये जाने हैं.

### इन स्टेशनों पर भीड़ की वजह

उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन और धार्मिक आयोजनों के कारण सालभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं. शनिवार-रविवार, महाशिवरात्रि, नागपंचमी, शनि अमावस्या, सोमवती अमावस्या, भूतड़ी अमावस्या, श्रावण-भादौ मास, अधिकमास जैसे मौकों पर यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है. सीहोर रेलवे स्टेशन पर कुबरेश्वर धाम में होने वाली कथाओं और धार्मिक आयोजनों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है. इंदौर व्यापार, उद्योग, शिक्षा और रोजगार का बड़ा केंद्र होने के साथ-साथ उज्जैन, ओंकारेश्वर सहित धार्मिक स्थलों की यात्रा का प्रमुख मार्ग है. यही कारण है कि इन स्टेशनों पर भविष्य की जरूरतों को देखते हुए भीड़ प्रबंधन की योजना बनाई जा रही है. साल 2028 के सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए उज्जैन सहित आसपास के रेलवे स्टेशनों पर यात्री दबाव और बढ़ने की संभावना है.

### राइट्स ने कैसे किया सर्वे

रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक्स सर्विस (राइट्स) के सर्वे के दौरान यात्रियों से बातचीत कर उनकी परेशानियों को समझा गया. ड्रोन सर्वे, जिला प्रशासन से समन्वय, भीड़ के आने-जाने के पैटर्न, प्रमुख पर्वों पर यात्रियों की संख्या और ट्रेनों से आने वाले यात्रियों का आकलन किया गया. इसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि यात्रियों को कहां परेशानी होती है और आने वाले समय में किस तरह सुविधाएं बढ़ाई जाएं, जिससे कोई दुर्घटना और घटना ना हो.

### होल्डिंग एरिया में होंगी कई सुविधाएं

होल्डिंग एरिया बनने के बाद यात्रियों को ट्रेन के इंतजार के लिए प्लेटफॉर्म पर भीड़ लगाने की जरूरत कम होगी. इससे स्टेशन पर अव्यवस्था घटेगी और यात्रियों का सफर ज्यादा सुविधाजनक होगा। होल्डिंग एरिया में बड़ा वेटिंग एरिया और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, कुर्सियां, बेंच और आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र, महिला, पुरुष और दिव्यांग यात्रियों के लिए वॉशरूम, ट्रेन डिस्प्ले सिस्टम और डिजिटल सूचना व्यवस्था, बेहतर अनाउंसमेंट सिस्टम, पीने के पानी की सुविधा, फूड काउंटर और कैफेटेरिया, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और वाई-फाई सुविधा, सीसीटीवी निगरानी और आरपीएफ सुरक्षा व्यवस्था, बुजुर्गों और दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं, पर्वों और भीड़ वाले दिनों में यात्रियों को अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर भेजने की व्यवस्थित योजना रहेगी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने 59 बच्चों की शिक्षा का उठाया जिम्मा

### बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके परिवारों को भी आर्थिक सहयोग प्रदान

भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा संचालित एक सामाजिक पहल के तहत जिले के 59 जरूरतमंद और अभिभावक-विहीन बच्चों की शिक्षा एवं भविष्य संवारने का संकल्प लिया गया है। इस योजना के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके परिवारों को भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में स्थापित विजय सेवा न्यास द्वारा संचालित बेसहारा को सहारा अभियान के तहत ऐसे बच्चों को सहायता दी जा रही है, जिन्होंने दुर्घटना, बीमारी या अन्य कारणों से अपने माता-पिता अथवा अभिभावकों को खो दिया है। वर्ष 2025 में इस पहल के अंतर्गत 41 बच्चों को सहयोग दिया गया था, जबकि वर्ष 2026 में लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 59 हो गई है। योजना के तहत निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की स्कूल फीस का वहन किया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक बच्चे को शैक्षणिक सामग्री के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं, उनके अभिभावकों या परिजनों को भी वार्षिक आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है, ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो। शासकीय विद्यालयों और छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी विशेष सहायता प्रदान की जा रही है।



### पढ़ाई जारी रखना चुनौतीपूर्ण हो गया था

इस पहल से लाभान्वित बच्चों और उनके परिजनों ने बताया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण पढ़ाई जारी रखना चुनौतीपूर्ण हो गया था, लेकिन इस सहयोग से उन्हें नई उम्मीद मिली है। कई परिवारों ने इसे बच्चों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सहारा बताया। जिले में यह सामाजिक प्रयास शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में एक सकारात्मक उदाहरण बनकर सामने आया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस प्रकार की पहल जरूरतमंद बच्चों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ा सकती है।

# आयुष्मान योजना की लिमिट दोगुनी करे सरकार

## कैंसर की दवाओं रेट में में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी पर नेता प्रतिपक्ष की सरकार से मांग

भोपाल। मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कैंसर की आवश्यक दवाओं की कीमतों में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की संवेदनहीनता और राज्य सरकार की लाचारी के कारण मध्यप्रदेश के गरीब कैंसर मरीज आज मौत के मुंह में धकेल दिए गए हैं। सिंघार ने सरकार से मांग की है कि जब तक दवाओं के दाम कम नहीं होते, तब तक आयुष्मान योजना के तहत कैंसर मरीजों के इलाज की लिमिट को तुरंत दोगुना किया जाए।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने वैश्विक युद्ध का बहाना बनाकर कैंसर की अत्यंत आवश्यक दवाओं के दामों में 50 प्रतिशत तक वृद्धि करने की क्रूर अनुमति दे दी है। इस फैसले के बाद मध्यप्रदेश में जीवन रक्षक दवाएं बेहद महंगी हो चुकी हैं, जिससे आम और गरीब मरीजों की परेशानी दोगुनी हो गई है।

### मरीजों पर पड़ा कमरतोड़ आर्थिक बोझ

उमंग सिंघार ने दवाओं की बढ़ी कीमतों से मरीजों पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव के आंकड़े साझा करते हुए कहा- कीमोथेरेपी का बढ़ा खर्च, दवाओं के दाम बढ़ने से मरीजों की एक बार की कीमोथेरेपी साइकिल का खर्च 2,000 से 3,000 तक बढ़ गया है। जिन गंभीर मरीजों को 6 से 12 कीमो साइकिल की जरूरत होती है, उनके इलाज का कुल खर्च ?15,000 से ?20,000 तक महंगा हो गया है। यह गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आर्थिक रीढ़ तोड़ने जैसा है।

### बाजार से दवाएं गायब, ब्लैक मार्केटिंग का खेल

सिंघार ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि सबसे शर्मनाक स्थिति यह है कि दामों में 50 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने के बावजूद बाजार से 'प्लैटिनम-बेस्ड' जैसी बेहद जरूरी दवाइयां गायब हैं। बाजार में इन दवाओं की भारी किल्लत है और बैकग्राउंड में ब्लैक मार्केटिंग (कालाबाजारी) का गंदा खेल धड़ल्ले से चल रहा है, जिसे रोकने में सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। विपक्ष ने सरकार के सामने मांगें रखी है कि जब तक दवा कंपनियां बढ़ी हुई कीमतें वापस नहीं लेतीं और बाजार में दवाओं की किल्लत दूर नहीं होती, तब तक सरकार आयुष्मान योजना के तहत कैंसर इलाज की तय सीमा (लिमिट) को तत्काल दोगुना करे। पैसों या दवाओं की कमी के कारण किसी भी मरीज का इलाज बीच में नहीं छूटना चाहिए। अपनी कुर्सी बचाने में व्यस्त सरकार को अब विज्ञापनों की दुनिया से बाहर आना चाहिए और प्रदेश में उपजे इस गंभीर स्वास्थ्य संकट पर तुरंत ध्यान देना चाहिए।

# जुलाई-अगस्त में हो सकती है शिक्षक पात्रता परीक्षा

भोपाल। मध्य प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग जुलाई या अगस्त में टीईटी आयोजित करने की योजना बना रहा है, जिसमें प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक शिक्षकों के शामिल होने की संभावना है। लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त ने शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में भरोसा दिलाया है कि परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक अध्ययन सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी। इससे शिक्षक घर बैठे ही अध्ययन कर सकेंगे और परीक्षा की बेहतर तैयारी कर पाएंगे। विभाग सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप टीईटी से संबंधित नई गाइडलाइन जारी करने की तैयारी में भी जुटा है। साथ ही वर्ष 2005 से 2009 के बीच व्यापमं के माध्यम से चयनित शिक्षकों को टीईटी के दायरे में शामिल किया जाए या नहीं, इस पर भी मंथन चल रहा है। इस संबंध में विधि विशेषज्ञों से राय ली जा रही है।

### टीईटी को लेकर बढ़ी शिक्षकों की चिंता

सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद मध्य प्रदेश समेत देशभर के शिक्षक संगठनों में चिंता का माहौल है। अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने इस मुद्दे को लेकर 5 सितंबर, शिक्षक दिवस के अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन करने की घोषणा की है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर और प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के 29 मई 2026 के फैसले के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

शिक्षक संगठनों का कहना है कि वर्ष 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों की भर्तियां उस समय लागू नियमों के तहत वैध रूप से हुई थीं। ऐसे में उनके सेवा अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संसद में आवश्यक कानूनी संशोधन किए जाने चाहिए। इसी मांग को लेकर 18 जून को जिलों में कलेक्टरों के माध्यम से प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# नईम अब्दुल्ला और शाकिर मेव को भेजा गया जेल

भोपाल। भोपाल में एटीएस द्वारा संदिग्ध आतंकी गतिविधियों से जुड़े मामले में गिरफ्तार नईम अब्दुल्ला और शाकिर मेव को कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं मामले में आरोपी इजहार उल हक को कोर्ट ने 22 जून तक एटीएस रिमांड पर सौंपा है। जॉच एंजेसी अब इन आरोपियों से जुड़े नेटवर्क, संपर्कों और गतिविधियों की जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपियों से कई अहम जानकारियां सामने आने पर एटीएस की जांच का दायरा बढ़ गया है। जानकारी के मुताबिक एटीएस की कार्रवाई में संदिग्ध आतंकी नेटवर्क से जुड़े अब तक चार लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। जांच एजेंसी ने सबसे पहले भोपाल से मोहम्मद फराज उर्फ खालिद सैफुल्ला को हिरासत में लिया था। इसके बाद सहारनपुर से नईम अब्दुल्ला कुरैशी और राजस्थान के अलवर इलाके से शाकिर मेव को गिरफ्तार किया।

वहीं मामले में बिहार के मधुबनी से इजहार उल हक को भी पकड़ा गया है। जॉच एंजेसी ने सभी आरोपियों से पूछताछ शुरू की, जिसमें नेटवर्क, संपर्कों और गतिविधियों से जुड़े कई अहम इनपुट मिलने की बात सामने आई है। रिमांड पर लिये गये इजहार उल हक से संदिग्ध आतंकी नेटवर्क से जुड़े होने, कट्टरपंथी गतिविधियों में शामिल होने और प्रतिबंधित संगठनों से संपर्क के संबध में पूछताछ की जायेगी।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के दौरान टूटा मंच

### कई घायल, मची अफरा-तफरी

भोपाल । राजगढ़ में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के स्वागत कार्यक्रम के लिए बनाया गया मंच अचानक भरभराकर टूट गया। जिस दौरान दुर्घटना हुई, उस वक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर मंच पर मौजूद थे। उनके साथ राजगढ़ जिला अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे जो मंच गिरने के बाद गिर गए।

हादसे में कई कार्यकर्ता चोटिल हो गए हैं। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद श्याम टेलर पहली बार राजगढ़ दौरे पर पहुंचे थे। उनके स्वागत के लिए जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। इसी दौरान एक स्वागत कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, राजगढ़ जिला अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। घटना के बाद कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

कार्यक्रम के दौरान अचानक मंच टूट गया और उस पर मौजूद लोग नीचे गिर गए। हादसे में कई कार्यकर्ताओं को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने स्थिति संभाली हादसे के बाद कुछ समय के लिए कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। फिलहाल घटना को लेकर जानकारी जुटाई जा रही है।

विनोद/ 20 जून /2026

# भोपाल, रानी कमलापति और निशातपुरा यार्ड में बनेगा हाईटेक ड्रेनेज सिस्टम

भोपाल। रेलवे संचालन को अधिक सुरक्षित, सुचारु और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाने के लिए भोपाल रेल मंडल अपने प्रमुख रेलवे यार्डों के उन्नयन की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इसके तहत रानी कमलापति, भोपाल और निशातपुरा रेलवे यार्ड में नई ड्रेनेज (जल निकासी) व्यवस्था विकसित की जाएगी और अन्य जरूरी सुधार कार्य किए जाएंगे। इस परियोजना पर लगभग 18.45 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे नौ महीने में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जलभराव कम होने से ट्रैक, सिग्नल और अन्य उपकरण सुरक्षित रहेंगे रेलवे यार्ड में हर साल बारिश के दौरान जलभराव की समस्या सामने आती है। कई जगह पानी लंबे समय तक जमा रहने से ट्रैक, पाइंट्स, सिग्नल सिस्टम और अन्य रेलवे उपकरणों को नुकसान पहुंचने का खतरा बना रहता है। इसके कारण ट्रेनों के रखरखाव और परिचालन कार्यों में भी परेशानी होती है। इसी समस्या को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने नई ड्रेनेज व्यवस्था तैयार करने का निर्णय लिया है। परियोजना के तहत यार्ड में ऐसी नालियां बनाई जाएंगी, जिनसे बारिश का पानी तेजी से बाहर निकल सके। इसके अलावा जरूरत के अनुसार अन्य आधारभूत सुविधाओं में भी सुधार किया जाएगा। इससे ट्रैक के आसपास पानी जमा नहीं होगा और रेलवे के महत्वपूर्ण उपकरण सुरक्षित रहेंगे।

रेलवे अधिकारियों का मानना है कि इस काम के पूरा होने के बाद यार्ड की कार्यक्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों के रखरखाव संबंधी काम पहले से अधिक सुचारू तरीके से किए जा सकेंगे। जलभराव कम होने से कर्मचारियों को भी काम करने में सुविधा मिलेगी और आपात स्थिति में ट्रैक व उपकरणों तक पहुंच आसान होगी। 18.45 करोड़ रुपये की यह परियोजना सिर्फ नालियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि रेलवे यार्ड की सुरक्षा, ट्रैक की मजबूती और ट्रेनों के निर्बाध संचालन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इसके पूरा होने से भोपाल रेल मंडल के प्रमुख यार्डों में आधुनिक और बेहतर जल निकासी व्यवस्था विकसित हो सकेगी, जिससे भविष्य में बारिश के मौसम में होने वाली परेशानियां काफी हद तक कम होने की उम्मीद है।

विनोद/ 20 जून /2026

# राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में जबलपुर में होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन

भोपाल। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में 21 जून को जबलपुर के सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 卐स्वस्थ आयु के लिए योग卐 थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में लगभग 5 हजार नागरिक और 31 स्कूलों के 3,400 से अधिक छात्र-छात्राएं सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा अन्य मंत्रीगण भी शामिल होंगे।

इसके पश्चात राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल पटेल करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

दीक्षांत समारोह में 141 मेधावी विद्यार्थियों को 240 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें से 20 स्वर्ण पदक राष्ट्रपति स्वयं प्रदान करेंगी। इसके अलावा 182 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि दी जाएगी। समारोह का विशेष आकर्षण राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ स्वर्ण पदक विजेताओं एवं उपाधि प्राप्तकर्ताओं का ग्रुप फोटो रहेगा।

# जुताई और बुवाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसान

## मप्र के मौसम पर अल नीनो का प्रहार, तेलंगाना में अटके मानसून से सूखे का संकट

भोपाल । लगातार अवर्षा से जूझ रहे पश्चिम मध्य प्रदेश में इस बार फिर मानसून पर अल नीनो का खतरा मंडरा रहा है। लिहाजा मॉनसून सीजन शुरू होने के बावजूद, यहां बादल बरसने की स्थिति में नहीं हैं। माना जा रहा है कि इस बार औसत से कम बारिश के कारण यहां सूखे जैसी स्थिति बन सकती है। जिसका असर स्थानीय कृषि और आम जन-जीवन के अलावा महंगाई के रूप में पड़ने की आशंका है। वहीं किसान जुताई और बुवाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। जहां तक खरीफ फसल के लिए खेत की जुताई का सवाल है, तो किसान फसल की बुवाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। किसान संतोष सोमतिया का कहना है कि खेतों में खाद डालने और बुवाई के लिए बारिश का इंतजार है।

अल नीनो प्रशांत महासागर में होने वाली एक ऐसी प्राकृतिक घटना है, जिसमें समुद की सतह असामान्य रूप से गर्म हो जाती है। ऐसी स्थिति में समुद्री तल से भारत की ओर आने वाली मानसूनी हवाएं भी गर्म हो जाती हैं, जो अपने साथ नमी को मानसून के रूप में आगे नहीं बढ़ा पाती है। ऐसी स्थिति में दक्षिण पश्चिम मानसून कमजोर पड़ जाता है और मानसून में होने वाली बारिश भी औसत या कमजोर हो जाती है। इधर भारत में अल नीनो का यही असर जून माह में मानसून का सीजन शुरू होने के साथ ही नजर आ रहा है। 15 जून के बाद जहां प्रदेश के विभिन्न इलाकों में बारिश का दौर शुरू होना था, उस समय यहां भीषण गर्मी का दौर जारी है। चौंकाने वाली स्थिति यह है कि दिन का तापमान अधिक रहने के साथ रात के तापमान में भी वृद्धि हो चुकी है। ऐसी स्थिति में दिन के अलावा रातें भी गर्म हो रही हैं।

### सामान्य से कम बारिश होने की आशंका

आधा जून का महीना बीत जाने के बाद प्रदेश में जो प्री मानसून की आंशिक बारिश हुई, वह भी असामान्य रूप से अलग-अलग क्षेत्र में कुछ देर के लिए हुई। इस स्थिति के चलते अब माना जा रहा है कि इस साल का मानसून औसत रूप से कमजोर रहने वाला है। इसके चलते मालवा निमाड़ अंचल में सामान्य से कम बारिश होने की आशंका है।

### खरीफ फसल की सिंचाई के लिए करनी होगी व्यवस्था

मौसम विज्ञानी और कृषि विशेषज्ञ बताते हैं कि अल नीनो के कारण इस बार मानसून 90 से 92 प्रतिशत रहेगा। इसके अलावा बारिश के सीजन में भी कई-कई दिनों तक बारिश नहीं होने की आशंका रहेगी। ऐसी स्थिति में खरीफ की फसल को बचाने के लिए किसानों को फसल में सिंचाई की समानांतर व्यवस्था करनी पड़ेगी। वहीं, अब किसानों को कम पानी वाली फसल बुवाई की गाइडलाइन जारी की गई है।

### कृषि उत्पादन होगा प्रभावित, बढ़ेगी महंगाई

प्रदेश का पश्चिमी हिस्सा कृषि आधारित है यहां की कृषि आमतौर पर मानसून पर निर्भर है। ऐसी स्थिति में यदि यहां बारिश सामान्य नहीं हो पाती है, तो खरीफ की फसल सोयाबीन, धान और मक्का की फसल के उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है। ऐसी स्थिति में किसानों पर भी मौसम की मार पड़ने की आशंका है। यही वजह है कि अब कृषि विभाग भी किसानों को कम पानी वाली फसल की बुवाई की सलाह दे रहा है। ऐसी स्थिति में कृषि उत्पादन कम होने से बाजार में खाद्यान्न की कीमत भी बढ़ जएगी। जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी दबाव पड़ेगा।

### कई राज्यों में सूखे का संकट

मानसून के सीजन में इस बार अल नीनो के प्रभाव से भारत में मानसून की गति कमजोर पड़ गई है। केरल, तमिलनाडु होते हुए मानसून तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड के अलावा बिहार और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों तक पहुंच गया है। लेकिन इसके आगे बढ़ने के लिए मानसून की गति धीमी हो गई है। इस कारण मौसम और कृषि वैज्ञानिक चिंता में हैं।

# सचिव अब बिना मंजूरी नहीं कर सकेंगे बाहर यात्रा

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और ऊर्जा संरक्षण के आह्वान के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक खर्चों में कटौती और कार्यप्रणाली में मितव्ययता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। अब विभागीय सचिवों को प्रदेश के बाहर सरकारी यात्रा करने से पहले मुख्य सचिव की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों की अनावश्यक यात्राओं पर भी नियंत्रण रखा जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि बैठकों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सेमिनारों का आयोजन यथासंभव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाए, ताकि समय और संसाधनों दोनों की बचत हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहले ही अपने सरकारी काफिले में वाहनों की संख्या घटाकर उसे सीमित कर चुके हैं और उसमें इलेक्ट्रिक वाहनों को भी शामिल किया गया है। सरकारी कार्यक्रमों में वाहनों के सीमित उपयोग के निर्देश पहले से लागू हैं।

### सार्वजनिक परिवहन और कार-पूलिंग को बढ़ावा

नई व्यवस्था के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यालय आने-जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन, कार-पूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। केंद्र सरकार से जुड़े मामलों में नई दिल्ली और मुंबई स्थित आवासीय आयुक्त कार्यालयों की सहायता लेने पर भी जोर दिया गया है।

### ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण पर फोकस

सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, पाइप्ड नेचुरल गैस नेटवर्क के विस्तार और उज्ज्वला योजना के डुप्लीकेट एवं अपात्र कनेक्शनों की पहचान के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। निर्माण विभागों को पर्यावरण-अनुकूल निर्माण सामग्री के उपयोग और उसके प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

### सोलर पैनल और जन-जागरूकता अभियान

सभी विभागों को प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसंपर्क विभाग ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाएगा।

### रणनीतिक खनिजों पर विशेष ध्यान

खनिज साधन विभाग को लिथियम, कोबाल्ट, रेयर अर्थ, कॉपर और कोयला जैसे रणनीतिक खनिजों की स्वीकृतियों और लीज प्रक्रिया को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आयात पर निर्भरता कम की जा सके।

### ई20 पेट्रोल पर बढ़ा विवाद...

20 फीसदी इथेनॉल मिले फ्यूल को लेकर ग्राहकों और गाड़ी कंपनियों में गहराती जा रही है चिंता, माइलेज कम होने से लेकर इंजन डैमेज तक की शिकायतें आ रही हैं सामने

# इथेनॉल गाड़ियों को बना रहा कबाड़!

नई दिल्ली। पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल (ई20) मिलाने के सरकारी फैसले का देशभर में विरोध हो रहा है। वाहन चालकों की शिकायत है कि इससे गाड़ियों का माइलेज घट रहा है, फ्यूल टैंक में गाद जम रही है, और ईंधन पंप व सेंसर खराब हो रहे हैं? यानी गाड़ियों का इंजन कबाड़ हो रहा है। गौरतलब है कि देश में तेल आयात पर निर्भरता कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किए गए ई20 पेट्रोल को लेकर अब नई बहस छिड़ गई है। केंद्र सरकार ने अप्रैल 2026 में तय समय से पहले ही देशभर के पेट्रोल पंपों पर ई20 पेट्रोल उपलब्ध करा दिया था। हालांकि इसके इस्तेमाल के बाद कई वाहन चालकों ने माइलेज में कमी और वाहन प्रदर्शन पर असर पड़ने की शिकायतें दर्ज कराई हैं। कुछ वाहन मालिकों का दावा है कि ई20 पेट्रोल के उपयोग के बाद उनके वाहनों का माइलेज 20 से 30 फीसदी तक घट गया है। इसके साथ ही स्पार्क प्लग खराब होने और इंजन पर अतिरिक्त दबाव जैसी समस्याओं की भी शिकायतें सामने आ रही हैं।

ई20 पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण होता है। सरकार ने इसे देश में ईंधन आयात पर होने वाले भारी खर्च को कम करने और किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लागू किया है। एथेनॉल मुख्य रूप से गन्ने और अन्य कृषि उत्पादों से तैयार किया जाता है। सरकार का मानना है कि एथेनॉल मिश्रित ईंधन के बढ़ते इस्तेमाल से विदेशी मुद्रा की बचत होगी और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसी रणनीति के तहत पूरे देश में ई20 पेट्रोल को तेजी से लागू किया गया है।



#### माइलेज घटने की शिकायतों ने बढ़ाई टेंशन

ई20 पेट्रोल लागू होने के बाद कई वाहन मालिकों ने माइलेज कम होने की शिकायत की है। कुछ लोगों का कहना है कि पहले की तुलना में उनके वाहन कम दूरी तय कर रहे हैं, जिससे ईंधन खर्च बढ़ गया है। हालांकि सरकारी अनुमान इसके उलट तस्वीर पेश करते हैं। अधिकारियों के अनुसार ई20 के अनुकूल वाहनों में माइलेज पर केवल 2 से 6 प्रतिशत तक असर पड़ना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि पुराने वाहनों में यह प्रभाव अधिक महसूस हो सकता है क्योंकि उन्हें ई20 ईंधन को ध्यान में रखकर डिजाइन नहीं किया गया था।

#### पुराने वाहनों पर ज्यादा असर की आशंका

ऑटोमोबाइल विशेषज्ञों के अनुसार ई20 पेट्रोल का प्रभाव वाहन की तकनीक और इंजन डिजाइन पर भी निर्भर करता है। जिन वाहनों को ई20 संगत तकनीक के साथ तैयार किया गया है, उनमें प्रदर्शन और माइलेज पर सीमित असर देखने को मिल सकता है। वहीं पुराने मॉडल के वाहनों में ईंधन दक्षता कम होने, इंजन के कुछ हिस्सों पर अतिरिक्त दबाव पड़ने और रखरखाव खर्च बढ़ने जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल 2023 से पहले बनी कई गाड़ियां ई20 पेट्रोल के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं। ऐसे वाहनों में लंबे समय तक इस ईंधन का इस्तेमाल करने से इंजन और उससे जुड़े कई हिस्सों पर असर पड़ सकता है। यही वजह है कि लाखों वाहन मालिक अब इस बात को लेकर चिंतित हैं कि यदि उनकी गाड़ी खराब होती है तो क्या इंश्योरेंस कंपनी उसका खर्च उठाएगी।

#### ऑटो मेकर में चिंता

गाड़ी बनाने वाली कंपनियों का कहना है कि उनके पुराने मॉडल सिर्फ 101 फीसदी इथेनॉल मिले पेट्रोल के लिए बनाए गए थे और 20 फीसदी इथेनॉल मिले पेट्रोल का इस्तेमाल गाड़ी के इंजन, गास्केट और फ्यूल सिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है। कई कंपनियों ने यहां तक कहा है कि 20 फीसदी इथेनॉल मिले पेट्रोल से होने वाला नुकसान वारंटी के तहत कवर नहीं होगा। कुछ नए मॉडल्स जरूर ऐसे हैं जिनमें इथेनॉल-रेसिस्टेंट पार्ट्स और एडवांस इंजन सॉफ्टवेयर लगे हैं, लेकिन भारत की अधिकतर गाड़ियां अभी भी इस बदलाव के लिए तैयार नहीं हैं।

#### ग्राहकों से लगातार शिकायत

असली जमीनी अनुभवों की बात करें, तो 20 फीसदी इथेनॉल मिले पेट्रोल का इस्तेमाल करने वाले ग्राहक लगातार शिकायतें कर रहे हैं। इन शिकायतों में माइलेज में गिरावट, इंजन की खडखड़ाहट, धीमा पिकअप, और गाड़ी की सामान्य परफॉर्मेंस पर बुरा असर पड़ना शामिल है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि कई पंपों पर साफ लिखा नहीं होता कि कौन-सा पेट्रोल ई10 है और कौन-सा ई20। ऐसे में बिना जानकारी के ही लोग अपनी गाड़ियों में ई20 भरवा रहे हैं और फिर अनजाने में नुकसान झेल रहे हैं।

#### इंजन खराब होने पर इंश्योरेंस क्लेम खारिज

भारत में अब पेट्रोल पंपों पर ई20 पेट्रोल तेजी से उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ईंधन में 80 प्रतिशत पेट्रोल और 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जाता है। सरकार इसे प्रदूषण कम करने और पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मान रही है। नई गाड़ियों के लिए यह कोई बड़ी समस्या नहीं है, क्योंकि उन्हें ई20 ईंधन को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। लेकिन पुरानी गाड़ियों के मालिकों की चिंता लगातार बढ़ रही है। देश की बड़ी निजी बीमा कंपनी आईसीसीलोंबार्ड ने इस मुद्दे पर अपनी स्थिति साफ कर दी है। कंपनी का कहना है कि यदि किसी ऐसी गाड़ी में ई20 पेट्रोल का इस्तेमाल किया जाता है, जो इसके लिए उपयुक्त नहीं है, और उससे नुकसान होता है, तो इंश्योरेंस क्लेम खारिज किया जा सकता है।

#### सरकार जल्दबाजी तो नहीं कर रही

अब बात आती है कि आखिरकार सरकार ई20 या ई85 या ई100 फ्यूल को लेकर इतना जो जोर दे रही है, कहीं यह जल्दबाजी का फैसला तो नहीं है। माना कि दुनियाभर में तेल संकट है, लेकिन इथेनॉल की उपलब्धता फिलहाल सीमित है और सरकार भले इसपर काफी जोर दे रही है, लेकिन लोगों के पास विकल्प हमेशा खुले रहने चाहिए और सरकार को आगे आकर स्पष्ट करना चाहिए कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर उसकी भविष्य की क्या योजनाएं हैं?

---

मप्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा के ऊपर चक्रवाती सिस्टम एक्टिव; उज्जैन में 2.4 इंच गिरा पानी, कई इलाकों की सड़कें डूबीं

## मप्र में मानसून की दस्तक में 10 दिन की देरी

नई दिल्ली/भोपाल। 12 दिनों से तेलंगाना में अटका मानसून अब आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 23 जून तक इसके छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून के लिए जरूरी सिस्टम सक्रिय हो गया है। इससे मध्य भारत में चक्रवातीय घेरा बना हुआ है, जिससे मानसून के बादल उत्तर भारत की तरफ आ सकते हैं। बिहार में शुक्रवार को बिजली गिरने से 6 लोगों की और झारखंड में 8 लोगों की जान गई। राजस्थान के 12 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश में शनिवार को तेज आंधी और बारिश का दौर जारी रहा। उज्जैन में तेज बारिश हुई। यहां शाम तक 2.4 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। भोपाल में 1.3 इंच पानी गिरा। इंदौर, ग्वालियर, श्योपुर, सीहोर और धार के पीथमपुर में तेज बारिश हुई। आंधी-बारिश की वजह से दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। इस बार मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून 8 से 10 दिन लेट हो सकता है। मौसम केंद्र ने प्रदेश में 25 जून तक मानसून की एंट्री का अनुमान जताया है। इससे पहले प्री-मानसून की एक्टिविटी जारी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में आमतौर पर 15 जून के आसपास मानसून की एंट्री हो जाती है, लेकिन इस बार 20 जून तक मानसून का कोई संकेत नहीं मिला है। तेलंगाना में 8 जून से ही मानसून ठहरा हुआ है। यदि एक-दो दिन में यह आगे बढ़ता है और इसकी रफ्तार तेज रहती है, तो मध्य प्रदेश में 25 जून के आसपास पहुंच सकता है।



मानसून के लेट होने से किसान सबसे ज्यादा चिंता में है। वे खरीफ सीजन की फसल जैसे- सोयाबीन, उड़द, मूंग, तूअर आदि की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। शाजापुर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसएस धाकड़ बताते हैं कि बोवनी के लिए कम से कम 4 इंच बारिश जरूरी है। इससे जमीन में पर्याप्त नमी आती है। इतनी बारिश होने के बाद ही किसान बोवनी करें।

#### बीज खराब होने का खतरा बढ़ा

मानसून के समय पर आने की संभावना के चलते प्रदेश के कई जिलों में किसानों ने सोयाबीन की बोवनी कर दी। उन पर बीज खराब होने का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि पानी के आभाव में बीज खराब हो सकता है। ऐसे में किसानों को दोबारा बोवनी करना पड़ेगी। हालांकि, उन किसानों के लिए राहत है, जिनके पास सिंचाई के लिए पानी है।

---

## शिक्षा मंत्री प्रधान दें इस्तीफा, हम हट जाएंगे

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द मामले को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर दूसरा बड़ा प्रदर्शन किया। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

जंतर-मंतर खाली कराने पहुंची दिल्ली पुलिस ने कहा, प्रदर्शन के लिए शनिवार शाम 5 बजे तक की अनुमति दी गई थी। निर्धारित समय समाप्त होने के बाद भी प्रदर्शन जारी रहने पर पुलिस अधिकारी मंच के पास पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से स्थल खाली करने का अनुरोध किया। पुलिस का कहना था कि प्रदर्शन की अवधि बढ़ाने की कोई अतिरिक्त अनुमति नहीं दी गई है। इससे पहले प्रदर्शन के दौरान अभिजीत दीपके महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीरें लेकर मंच पर पहुंचे थे। उन्होंने केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय पर निशाना साधते हुए कहा कि लाखों छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय हुआ है और इसके लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि यदि थाली बजाने से कोरोना वायरस को हराने का संदेश दिया जा सकता है, तो शिक्षा मंत्री को पद से हटाने के लिए भी प्रतीकात्मक रूप से थाली बजाई जानी चाहिए।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने थालियां बजाकर शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। मंच पर उन नीट छात्रों के पोस्टर भी लगाए गए, जिन्होंने विवाद के बाद आत्महत्या कर ली थी। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और छात्रों को न्याय दिलाने की मांग उठाई।

मीडिया से बातचीत में अभिजीत दीपके ने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और इसका उद्देश्य छात्रों की आवाज को सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं से करोड़ों छात्रों का विश्वास प्रभावित हुआ है। दीपके ने बताया कि प्रदर्शन की अवधि बढ़ाने के लिए पुलिस प्रशासन से अनुमति मांगी गई है। उन्होंने मीडिया से कहा शीक्षा मंत्री के इस्तीफे तक प्रदर्शन जारी रहेगा, वो इस्तीफा दे दें हम उठ जाएंगे।

## निपुन और विनोद बन सकते है एयर इंडिया के भारतीय सीईओ

नई दिल्ली। टाटा समूह द्वारा एयर इंडिया का अधिग्रहण करने के बाद से, एयरलाइन को लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों कंपनी के सीईओ के अचानक इस्तीफे के बाद से ही नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की तलाश जारी है। अब खबर है कि एयर इंडिया का अगला सीईओ भारतीय ही होगा, और वह भी कंपनी के भीतर से ही चुना जा सकता है। फिलहाल इस दौड़ में दो नाम सबसे आगे हैं- निपुन अग्रवाल और विनोद कन्नन।

रिपोर्ट के अनुसार, टाटा समूह अपनी इस एविएशन कंपनी को मुश्किलों से निकालने की हरसंभव कोशिश कर रहा है। एयर इंडिया को पिछले वित्त वर्ष में भारी घाटे का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के बंद होने से उसकी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर काफी असर पड़ा, और इसके बाद ईरान संकट ने कंपनी का घाटा और बढ़ा दिया, जिसके परिणामस्वरूप कंपनी को 20 प्रतिशत उड़ानों में कटौती करनी पड़ी है। ये सभी कारक एयरलाइन के लिए एक मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। फिलहाल एयर इंडिया में चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर के पद पर कार्यरत निपुन अग्रवाल को सीईओ पद के लिए सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। वे कंपनी में चल रहे बदलावों में एक महत्वपूर्ण कड़ी रहे हैं और उन्हें अनुशासन, वित्तीय नियंत्रण तथा परिचालन दक्षता पर मजबूत पकड़ रखने वाला व्यक्ति बताया जाता है। उनके समर्थकों का मानना है कि ये गुण एयर इंडिया को मौजूदा संकट से निकालने में सहायक होंगे। हालांकि, कुछ आलोचकों का मानना है कि उनके पास वैश्विक स्तर की इतनी बड़ी एयरलाइन को संभालने का पर्याप्त अनुभव नहीं है, जबकि एक वैश्विक एयरलाइन चलाने के लिए व्यापक अनुभव की जरूरत होती है। दूसरी ओर, विनोद कन्नन भी सीईओ पद के लिए एक प्रमुख दावेदार हैं, जिनके पास विस्तारा जैसी एयरलाइंस को सफलतापूर्वक चलाने का अच्छा-खासा अनुभव है। वह विस्तारा के मुख्य कार्यकारी रह चुके हैं और उनके पास एक बड़ी एयरलाइन के संचालन का सीधा अनुभव है, जो उन्हें इस पद के लिए एक मजबूत विकल्प बनाता है। उनके अनुभव को एयर इंडिया जैसी जटिल और विशाल एयरलाइन के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

यह तलाश पिछले अप्रैल महीने में तब शुरू हुई जब न्यूजीलैंड के कैंपबेल विल्सन ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। टाटा संस पर भविष्य के नेतृत्व को लेकर काफी दबाव है, और सीईओ के नाम पर अंतिम फैसला बेहद सोच-समझकर लिया जाना तय है। यहां तक कि एन चंद्रशेखरन के खुद के भविष्य को लेकर भी अनिश्चितताएं चल रही हैं, लिहाजा वे अंतिम फैसला करने से पहले काफी सोच-विचार करेंगे। एयर इंडिया को मौजूदा मुश्किलों से निकालने और उसे एक लाभदायक इकाई में बदलने के लिए एक कुशल और अनुभवी नेतृत्व की आवश्यकता है। आने वाले दिनों में टाटा समूह द्वारा इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर अंतिम घोषणा का इंतजार है।

## मोदी सरकार के पेपर लीक मॉडल पर कांग्रेस का प्रहार- 15 छात्रों ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। नीट परीक्षा से जुड़े विवादों और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों के कारण छात्रों की बढ़ती आत्महत्याओं पर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावार है। कांग्रेस पार्टी ने इन दर्दनाक मौतों को हत्या करार देकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे और पूरी परीक्षा प्रक्रिया में आमूल-चूल सुधार की मांग कर दी है। कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाकर कहा है कि पेपर लीक के चलते अब तक करीब 15 बच्चों ने जान गंवा दी है, लेकिन सत्ता में बैठे नाकारा लोगों के चेहरे पर ज़रा भी शिकन तक नहीं दिख रही है।

---

## हाईकोर्ट ने जूनियर अफसर की सजा 'कंपल्सरी रिटायरमेंट' में बदलने का दिया आदेश

#### कोर्ट ने कहा सीनियर ऑफिसर ने ही जूनियर को गलत काम के लिए मजबूर किया

शिमला। हिमाचल हाईकोर्ट ने जूनियर अफसर को नौकरी से हटाने की सजा को ज्यादा कठोर बताते हुए 'कंपल्सरी रिटायरमेंट' में बदलने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि जब सीनियर ऑफिसर ने ही जूनियर को गलत काम के लिए मजबूर किया, तो जूनियर को नौकरी से बर्खास्त करना उचित नहीं है। यह फैसला चीफ जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया और जस्टिस बीसी नेगी की बैंच ने जूनियर अफसर की अपील पर सुनवाई करते हुए सुनाया।

जानकारी के मुताबिक यह मामला साल 2008 का आईटीबीपी से जुड़े अधिकारी और उसके सिक्योरिटी असिस्टेंट से जुड़ा हुआ है। दरअसल, याचिका में कहा गया कि सीनियर ऑफिसर ने अपने लैपटॉप में अपनी पत्नी और जूनियर अफसर की अश्लील वीडियो रिकॉर्ड की थी। कोर्ट ने पाया कि सीनियर ऑफिसर ने ही जूनियर अफसर को इस गलत काम के लिए मजबूर किया। सुनवाई में कोर्ट ने पाया कि सीनियर ऑफिसर को इस मामले में केवल दो साल तक वेतन वृद्धि रोकने की सजा दी गई थी, जबकि जूनियर अफसर को नौकरी से हटा दिया गया। कोर्ट ने इसे सेवा नियमों के तहत भेदभावपूर्ण माना।

कोर्ट ने सीनियर अधिकारी की पत्नी के बयान का भी उल्लेख किया। पत्नी ने आरोप लगाया था कि उसके पति ने उसे शराब पिलाई, उसकी इच्छा के खिलाफ जूनियर अफसर के साथ गलत संबंध बनाने के लिए मजबूर किया और उसकी वीडियो रिकॉर्ड की। साथ ही उसे यह बात किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। हाईकोर्ट की डबल बैंच ने कहा कि रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि जूनियर अफसर और सीनियर अधिकारी की पत्नी के बीच हुए गलत संबंधों के पीछे सीनियर अधिकारी की भूमिका थी और इसी कारण जूनियर अफसर को भी दोषी ठहराया गया था। कोर्ट ने इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए जूनियर अफसर की सजा को संशोधित कर अनिवार्य सेवानिवृत्ति में बदल दिया।

## खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग में फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट टीम ने किया दोबारा निरीक्षण

पटना। खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग में फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीम शनिवार को दूसरी बार खान सर के अस्पताल में ऑडिट करने पहुंची। पिछली बार 7 जून को ऑडिट हुआ था, जिसमें कई खामियां पाई गई थी। इसके बाद विभाग ने कोचिंग और अस्पताल प्रबंधन को सुधार के लिए 7 से 10 दिन का समय दिया था। अब 14 दिन के बाद दूसरी बार अग्निशमन विभाग की टीम अस्पताल पहुंची। कितना अपग्रेड किया इसका निरीक्षण किया गया। फायर सेफ्टी विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय के भीतर कमियों को दूर नहीं किया गया तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लोदीपुर अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि पिछली बार खामियां पाई गई थी, जिसके आधार पर नोटिस दिया गया था। शनिवार को दूसरी बार संस्थान का ऑडिट किया गया। अभी भी बहुत सारी कमियां है, मानकों को पूरा नहीं किया गया है। कार्य में प्रगति है, उन्होंने बताया कि फायर स्टेयर बनाने का सुझाव दिया गया था, वो पूरा नहीं हुआ है।

## हिमाचल के डीआईजी संजीव गांधी पर लगा 1.80 लाख रुपए का डैमेज चार्ज

शिमला,। हिमाचल पुलिस मुख्यालय ने डीआईजी ट्रैफिक, टूरिज्म एवं रेलवे (टीटीआर) संजीव गांधी को सरकारी आवास खाली न करने पर एक लाख 80 हजार रुपए का डैमेज चार्ज जमा करने का नोटिस भेजा है। यह आवास शिमला के एसपी के लिए तय था। डीजपी कार्यालय की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक संजीव गांधी ने 7 फरवरी 2026 को शिमला एसपी का पदभार छोड़ दिया था। नियमों के तहत पद छोड़ने के बाद सरकारी आवास में रहने के लिए उन्हें 7 मार्च 2026 तक अनुमति थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नोटिस में दावा किया कि उन्हें 12 मई 2026 को आवास खाली करने के लिए नोटिस दिया था, लेकिन तय तारीख तक आवास खाली नहीं किया। इसके बाद डैमेज चार्ज लगाया गया है। आवास का क्षेत्रफल करीब 3568.88 वर्ग फीट है। नियमों के तहत 18 रुपए प्रति वर्ग फीट प्रति माह की दर से डैमेज चार्ज की गणना की गई। मार्च, अप्रैल और मई 2026 की अवधि के लिए कुल 1 लाख 80 हजार 286 रुपए जमा करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में बताया गया कि अप्रैल और मई के दो महीनों का डैमेज चार्ज 1 लाख 28 हजार 479.74 रुपए और 7 मार्च से 31 मार्च तक 25 दिनों का चार्ज 51 हजार 806.35 रुपए हैं।

डीजीपी कार्यालय ने निर्देश दिए कि यह राशि तुरंत डीजपी टीटीआर कार्यालय में जमा करवाई जाए। राशि जमा न करने पर इसे वेतन से वसूल किया जा सकता है। साथ ही 1 जून 2026 से आवास खाली होने तक अतिरिक्त डैमेज चार्ज भी लगाया जाता रहेगा। नोटिस में सरकारी आवास तत्काल खाली कर उसका कब्जा शिमला एसपी को सौंपने को कहा है। ऐसा न करने पर बेदखली की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

वहीं डीआईजी संजीव गांधी ने नोटिस को लेकर कहा कि यह नोटिस अब तक उन्हें नहीं मिला। मीडिया के जरिए इसकी सूचना मिली है। यह डैफेमेटरी है, इसे चेलेंज किया जाएगा। उनकी छवि को खराब करने के लिए ऐसा किया जा रहा है और उन्हें ईमानदारी से काम करने की सजा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जीएडी की तरफ से उन्हें अकोमोडेशन नहीं मिली, इसलिए आवास खाली नहीं किया। बता दें संजीव गांधी पूर्व में शिमला के एसएसपी रहे हैं। उनके डीआईजी प्रमोट होने के बाद फरवरी में गौरव सिंह को एसएसपी शिमला बनाया। शिमला में एसपी के लिए ईयरमार्क्ड सरकारी आवास है।

## क्रिप्टो की आड़ में 2,500 करोड़ का विदेशी धन ट्रांसफर नेटवर्क ध्वस्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से संचालित हो रहे विशाल अवैध विदेशी धन हस्तांतरण नेटवर्क का खुलासा किया है। जांच एजेंसी का दावा है कि कुछ कंपनियां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी के बिना चुपचाप विदेशों में पैसा भेजने और मंगाने के काम में लगी थीं, जिसमें शुरुआती जांच में 2,500 करोड़ रुपये से अधिक के फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) उल्लंघन का खुलासा हुआ है। इस मामले में ईडी के बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने शहर के 6 ठिकानों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की।

ईडी की जांच के दायरे में ट्रांसैक टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कैरेटएक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, मोक्शाग्ना टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, बायहाटके इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड और अभिभा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड जैसी कई कंपनियां हैं। ईडी के मुताबिक, ये कंपनियां इंटरनेट पर विदेशी पैसे के लेन-देन का एक आसान तरीका बताकर विज्ञापन करती थीं, जबकि इनके पास अंतर्राष्ट्रीय मनी ट्रांसफर जैसी सेवाएं देने के लिए आरबीआई की कोई अनुमति नहीं थी। ग्राहक कुछ ही क्लिक में पैसा भेजने और हासिल करने में सक्षम थे, लेकिन इन सभी लेनदेन के पीछे नियामक नियमों की घोर अनदेखी हो रही थी।

ईडी की जांच में सामने आया है कि ग्राहक पहले प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन करते थे और अपने बैंक खाते से पैसा जमा करते थे। इसके बाद उस रकम से यूएसडीटी (यूएसटीडी) जैसे स्टेबलकॉइन खरीदते थे। फिर इन क्रिप्टो एसेट्स को अलग-अलग एक्सचेंजों और ओटीसी (ओवर-द-काउंटर) डील्स के द्वारा बेचकर पैसा दूसरे देशों या लाभार्थियों तक पहुंचाया जाता था। ईडी का आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में विदेशी धन प्रेषण से जुड़े जरूरी दस्तावेजों और नियमों का पालन नहीं हुआ। जिससे यह पैसा नियामक निगरानी से काफी हद तक बाहर था।

जांच एजेंसी के अनुसार, मोक्शाग्ना टेक्नोलॉजीज खास तौर पर अमेरिका के ग्राहकों से धन जुटाकर उस पैसे को क्रिप्टो में बदलती थी। इसके बाद बड़े पैमाने पर ओटीसी ट्रेडिंग के जरिए नकदी में बदलकर भारत में लोगों तक पहुंचाया जाता था। ईडी का दावा है कि कंपनी का मुख्य संचालक अमेरिका में बैठकर भारत में मौजूद अपने परिवार के सदस्यों की मदद से पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था। वहीं, ट्रांसैक टेक्नोलॉजी पर बिना आरबीआई की मंजूरी के ऑफ-रैम्प सेवाएं चलाने का आरोप है।

छापेमारी के दौरान ईडी को टैक्स हेवन देशों में बनी शेल कंपनियों, बड़े ओटीसी सौदों और विदेशी क्रिप्टो प्लेटफॉर्म्स के जरिए कथित अवैध धन हस्तांतरण के कई अहम सुराग मिले हैं। प्रारंभिक जांच में 2,500 करोड़ रुपये से ज्यादा के अनधिकृत सीमा-पार ट्रांसफर का पता चला है। ईडी ने कार्रवाई कर कुछ कंपनियों के बैंक खातों पर भी रोक लगा दी है, जिसमें करीब 6 करोड़ रुपये जमा पाए गए हैं। यह कार्रवाई क्रिप्टो स्पेस में बढ़ते वित्तीय अपराधों और नियामक उल्लंघन पर एक गंभीर चेतावनी है।

